www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 34.c

25.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 88.430g

चांदी 91.500 kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 तैयार हुआ भविष्य के संबंधों का खाका, कुछ मुद्दों पर पेच सुलझने की उम्मीद

ट्रांसजेंडर्स को लेकर अमेरिकी सेना का बड़ा फैसला 04

वर्ष :08 अंक :235 मुंबई ,रविवार , 16 फरवरी , 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2: 00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

### कोटा में केमिकल कंपनी की गैस रिसाव से स्कूल में अफरातफरी, अचेत हुए 12 छात्र, अस्पताल में भर्ती

राजस्थान के कोटा के सिमलिया थाना क्षेत्र में शनिवार को सीएफसीएल फैक्ट्री से अमोनिया गैस के रिसाव से कई छात्र बीमार पड़ गए। रिसाव से गढ़ेपान गांव के सरकारी स्कूल के छात्र प्रभावित हुए हैं। बच्चों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से छह की हालत गंभीर थी। न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक, आशुतोष शर्मा ने बताया ति जिन छात्रों को यहां रेफर किया गया था, उनकी हालत स्थिर थी। हमने उनका प्राथमिक उपचार किया और जेके लोन अस्पताल में रेफर किया। किसी की भी हालत गंभीर नहीं थी। बताया जा रहा है कि गैस रिसाव से कुल 12 छात्र प्रभावित हुए हैं। उनमें से पांच को शुरू में कोटा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, लेकिन उनकी बिगड़ती हालत के कारण बाद में उन्हें कोटा के जेके लोन अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि चंबल फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल) फैक्ट्री में सुबह करीब 11 बजे गैस रिसाव हुआ।

### असम पुलिस ने पांच घुसपैठियों को बांग्लादेश भेजा

मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि शुक्रवार को श्रीभूमि जिले से असम पुलिस ने पांच घुसपैठियों को वापस बांग्लादेश भेज दिया जिनमें चार रोहिंग्या और एक बांग्लादेशी थे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, पांच घुसपैठियों को वापस भेजा गया। श्रीभूमि पुलिस भारत–बांग्लादेश सीमा के पास चार रोहिंग्या और एक बांग्लादेशी को पकड़ा और उन्हें वापस भेज दिया। इनकी पहचान अब्दुल रजाक, सद्दाम हुसैन, मोक्तुल हुसैन, नूरुल अमीन और हफ्सा बीबी के रूप में हुई है। एक बांग्लादेशी महिला, जिसकी पहचान रूपा साथी के रूप में हुई है, को बृहस्पतिवार रात्रि को वापस भेजा गया था।

## भारत की आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है महाकुम्भ : ओम बिरला

### ओम बिरला ने महाकुम्भ को बताया भारत की सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत उदाहरण



एजेंसी

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी, की देशवासियों के कल्याण की कामना
- कहा, धर्म–जाति के बंधन से ऊपर उठकर करोड़ों देशवासी कर रहे यहां स्नान, यह समरसता और समभाव का प्रतीक

महाकुम्भ नगर । लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को महाकुम्भ में पहुंचे और त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया और देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मीडिया से बातचीत में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है। यह हमारी प्राचीन संस्कृति और धर्म का महोत्सव है। यहां संतों की वाणी, उनका प्रभाव और भक्तों की अपार श्रद्धा देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि मां गंगा की कृपा सभी पर बनी रहे और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए। ओम बिरला ने महाकुम्भ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेद-पुराणों में इसका विशेष उल्लेख है। यह आयोजन समभाव और समरसता का प्रतीक है, जहां जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी लोग एक साथ आस्था के संगम में डुबकी लगाते हैं। महाकुम्भ न केवल आंतरिक ऊर्जा और चेतना को जाग्रत करता है, बल्कि आत्मा और मन की शुद्धता भी प्रदान करता है। लोकसभा अध्यक्ष ने आस्था को जीवन का सबसे बड़ा सामर्थ्य बताते हुए कहा कि यह पर्व राजनीति से परे, सामाजिक और आध्यात्मिक समरसता का अवसर है।

### महाकुंभ में फिर भीषण आग, कई टेंट जले

#### भीड़ को हटाया जा रहा, घटना सेक्टर 18 और 19 की; 28 दिन में चौथी बार आग



प्रयागराज, महाकुंभ में शनिवार को फिर आग लगी है। एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर रवाना हुई। मेले में जबरदस्त भीड़ के चलते गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में कठिनाई हो रही है। कई टेंट आग में जल गए हैं। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने में जुटे हैं। भीड़ को मौके से हटाया गया है।

#### महाकुंभ में चौथी बार लगी आग...

19 जनवरी: सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में आग लगी थी, हादसे में 180 कॉटेज जल गए।

30 जनवरी: सेक्टर 22 में आग लगी थी, जिसमें 15 टेंट जले थे।

7 फरवरी: सेक्टर-18 में आग लगी थी। हादसा शंकराचार्य मार्ग पर हुआ था, जिसमें 22 पंडाल जल गए।

## महाकुंभ जा रहे छत्तीसगढ़ के 10 श्रद्धालुओं की मौत

### प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर बस और बोलेरो में भयानक टक्कर, मध्य प्रदेश के 19 लोग घायल

सड़क हादसा

मेजा के पास प्रयागराज–मिर्जापुरहाईवे पर शुक्रवार देर शाम एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बोलेरो बस से आमने–सामने टकरा गई।



एजेंसी

मेजा के पास प्रयागराज-मिजार्पुर हाईवे पर शुक्रवार देर शाम एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बोलेरो बस से आमने-सामने टकरा गई। अधिकारियों के मुताबिक, बोलेरो में सवार सभी 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी पीड़ित 25 से 45 साल के बीच के पुरुष थे, जो छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के रहने वाले थे और संगम में पवित्र स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे।

#### सीएम योगी ने जताया गहरा दुख

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें इस कठिन समय में सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि घायलों को अस्पताल में तत्काल चिकित्सा सुविधा मिले।

#### बस में सवार यात्री भी घायल हुए

दुर्घटनाग्रस्त बस में मध्य प्रदेश के राजगढ़ के श्रद्धालु सवार थे, जो कुंभ मेले में शामिल होने के बाद वाराणसी जा रहे थे। घायल 19 यात्रियों को इलाज के लिए सीएचसी रामनगर में भर्ती कराया गया है डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने कहा कि घटना की पुष्टि हो गई है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्वरूप रानी मेडिकल अस्पताल ले जाया गया है। मामले की आगे जांच की जा रही है। डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ से महाकुंभ में श्रद्धालुओं को ले जा रही कार और बस की टक्कर में दस लोगों की मौत हो गई। यह हादसा शुक्रवार रात करीब 12 बजे प्रयागराज-मिजार्पुर हाईवे पर मेजा थाना क्षेत्र में हुआ।

## हजारों वर्ष की परंपरा को नई ऊंचाई की ओर लेकर जाएगा काशी तमिल संगमम: सीएम योगी

### मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्रियों संग किया काशी तमिल संगमम (तृतीय संस्करण) का शुभारंभ

51 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में डुबकी लगाकर भारत की आस्था को एकता के संदेश के साथ जोड़ने का किया कार्य: सीएम योगी. बोले– आगंतुकों को काशी के साथ प्रयागराज महास्नान व रामलला के दर्शन का सौभाग्य होगा प्राप्त. काशी तमिल संगमम्का आयोजन हमें उस विरासत से जोड़ता है, जिसे पीएम मोदी 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' कहते हैं: सीएम .

एजेंसी

वाराणसी : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी के विजन को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने जिस कार्यक्रम को बढ़ाया, उसका परिणाम है कि महाकुम्भ प्रयागराज में लगभग 51 करोड़ श्रद्धालुओं ने मां गंगा, मां यमुना व मां सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाकर भारत की आस्था को एकता के संदेश के साथ जोड़ने का कार्य किया है। यहां जाति-पाति, क्षेत्र का भेद नहीं है, बल्कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को लेकर हर गंगे का उद्घोष करते हुए और मां गंगा का आशीर्वाद लेते हुए देश के अलग-अलग कोने से आकर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। यह अब तक सबसे बड़ा आयोजन है। इस बार महाकुम्भ के आयोजन के साथ काशी तमिल संगमम को भी जुड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। सीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि काशी तमिल संगमम्हजारों वर्ष की परंपरा को नई ऊंचाई की ओर लेकर जाएगा।



## विकसित भारत निर्माण में युवाओं का उत्साह और प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण साबित :द्रौपदी मुर्मू

### बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली में पहुंची राष्ट्रपति

एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीआईटी मेसरा के 70 वर्षों के शैक्षणिक सफर की सराहना की. उन्होंने मौके पर मौजूद छात्रों से बातचीत भी की.





रांची: अपनी गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा के पूरे होने पर बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यानी बीआईटी मेसरा प्लेटिनम जुबली मना रहा है. इस मौके पर आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मंत्री सुदिव्य कुमार के अलावा बड़ी संख्या में शैक्षणिक जगत से जुड़े लोग, कॉलेज छात्र समेत अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीआईटी मेसरा के शैक्षणिक सफर की सराहना करते हुए बधाई दी. उन्होंने कहा कि बीआईटी मेसरा ने 70 साल पूरे कर लिए हैं. इसके समृद्ध विरासत पर गर्व है. केंद्र सरकार उच्च शिक्षा में एआई के प्रति गंभीर है. उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का उत्साह और प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण साबित होगी. हमारी बेटियां विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में पीछे नहीं है.

मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म का स्वागत करते हुए कहा कि जिस तरह से आपने 6 वर्षों से अधिक समय तक झारखंड के राज्यपाल के पद को सुशोभित किया और पीपुल्स गवर्नर के रूप में आपकी कार्यशैली और जन सेवा की भावना रही, झारखंड के जनमानस में गहरी छाप आपने छोड़ी है. जब से आपके झारखंड आगमन की सूचना मिली है तब से राज्यवासियों में उत्साह एवं हर्ष का माहौल है. राज्यपाल संतोष गंगवार ने बीआईटी मेसरा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इंजीनियरिंग विषयों और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की समृद्ध विरासत के साथ यह एक प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी संस्थान है, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नए आयाम को जोड़ने का काम करता है।

## सीबीआई डायरेक्टर की नियुक्ति में सीजेआई का क्या काम?

### धनखड़ बोले- अब वक्त है इसे बदलने का

क्लिप पोस्ट करते हुए कहा कि हमारे जैसे देश में या किसी भी लोकतंत्र में वैधानिक नुस्खे के अनुसार, भारत के मुख्य न्यायाधीश सीबीआई निदेशक के चयन में कैसे भाग ले सकते हैं! क्या इसके लिए कोई कानूनी तर्क हो सकता है? मैं सराहना कर सकता हूं कि वैधानिक नुस्खे ने आकार लिया क्योंकि उस समय की कार्यपालिका ने न्यायिक फैसले को स्वीकार कर लिया था।

एजेंसी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) निदेशक के चयन या किसी कार्यकारी नियुक्ति में भारत के मुख्य न्यायाधीश की भागीदारी पर सवाल उठाया। धनखड़ भोपाल में राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी में बोल रहे थे। धनखड़ ने एक्स पर अपने भाषण की एक वीडियो क्लिप पोस्ट करते हुए कहा कि हमारे जैसे देश में या किसी भी लोकतंत्र में वैधानिक नुस्खे के अनुसार, भारत के मुख्य न्यायाधीश सीबीआई निदेशक के चयन में कैसे भाग ले सकते हैं! क्या इसके लिए कोई कानूनी तर्क हो सकता है? मैं सराहना कर सकता हूं कि वैधानिक नुस्खे ने आकार लिया क्योंकि उस समय की कार्यपालिका ने न्यायिक फैसले को स्वीकार कर लिया था। लेकिन अब समय आ गया है कि इस पर दोबारा विचार किया जाए। यह निश्चित रूप से लोकतंत्र के साथ विलय नहीं करता है।



## कोटा में केमिकल कंपनी की गैस रिसाव से स्कूल में अफरातफरी

### अचेत हुए 12 छात्र, अस्पताल में भर्ती

बताया जा रहा है कि गैस रिसाव से कुल 12 छात्र प्रभावित हुए हैं। उनमें से पांच को शुरू में कोटा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, लेकिन उनकी बिगड़ती हालत के कारण बाद में उन्हें कोटा के जेके लोन अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

एजेंसी

राजस्थान के कोटा के सिमलिया थाना क्षेत्र में शनिवार को सीएफसीएल फैक्ट्री से अमोनिया गैस के रिसाव से कई छात्र बीमार पड़ गए। रिसाव से गढ़ेपान गांव के सरकारी स्कूल के छात्र प्रभावित हुए हैं। बच्चों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से छह की हालत गंभीर थी। न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक, आशुतोष शर्मा ने बताया ति जिन छात्रों को यहां रेफर किया गया था, उनकी हालत स्थिर थी। हमने



उनका प्राथमिक उपचार किया और जेके लोन अस्पताल में रेफर किया। किसी की भी हालत गंभीर नहीं थी। बताया जा रहा है कि गैस रिसाव से कुल 12 छात्र प्रभावित हुए हैं। उनमें से पांच को शुरू में कोटा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, लेकिन उनकी बिगड़ती हालत के कारण बाद में उन्हें कोटा के जेके लोन अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि चंबल फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल) फैक्ट्री में सुबह करीब 11 बजे गैस रिसाव हुआ। हाई सेकेंडरी स्कूल में छात्रों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कुछ ही देर में उनमें से कुछ बेहोश हो गए, जिससे स्कूल में दहशत फैल गई। अराजकता फैल गई और अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया। सीएफसीएल एक फैक्ट्री है जो यूरिया खाद का उत्पादन करती है। नवीनतम अपडेट के अनुसार, प्रभावित छात्रों का पहले फैक्ट्री परिसर में संचालित अस्पताल में इलाज किया गया। यह भी पता चला कि कुछ छात्राएं स्कूल परिसर में पानी लेने गई थीं, तभी उन्हें घुटन और बेचैनी महसूस होने लगी।

## अमेरिका से अवैध प्रवासियों को बेड़ियों में जकड़ कर भेजना क्रूर और शर्मनाक है: उमा भारती

भाजपा नेता ने कहा, जब उन्हें (निर्वासित लोगों को) विमान से भेजा जा रहा था तब उन्हें हथकड़ियों और बेड़ियों में रखना अमेरिकी प्रशासन की क्रूरता और अमानवीयता को दर्शाता है।

एजेंसी



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने अवैध भारतीय प्रवासियों को क्रूर एवं बेहद शर्मनाक तरीके से वापस भेजने के लिए शनिवार को अमेरिका की निंदा की। अमेरिका का एक सैन्य विमान भारत के विभिन्न राज्यों के 104 अवैध प्रवासियों को लेकर पांच फरवरी को अमृतसर पहुंचा था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत इन लोगों को भारत निर्वासित किया था। कुछ निर्वासितों ने दावा किया कि पूरी यात्रा के दौरान उनके हाथ-पैरों में हथकड़ी लगी रही तथा अमृतसर में उतरने के बाद ही उनकी बेड़ियां खोली गईं। भारती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, अमेरिका से वापस भेजे गए अवैध प्रवासी भारतीयों को जिस तरह से हथकड़ियों एवं बेड़ियों में जकड़कर वापस भेजा गया ।

सवाल

### डिपोर्टेशन पर चिदंबरम का सवाल, क्या निर्वासितों को हथकड़ी लगाई जाएगी?

## 'भारतीय कूटनीति के लिए एक परीक्षा'

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने शनिवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका से भारतीय निर्वासित लोगों को लेकर दूसरे अमेरिकी विमान का आगमन भारतीय कूटनीति के लिए एक परीक्षण होगा। चिदम्बरम ने एक्स पर लिखा कि सभी की निगाहें अमेरिकी विमान पर होंगी जो आज अवैध अप्रवासियों को वापस लेकर अमृतसर में उतरेगा। क्या निर्वासितों को हथकड़ी लगाई जाएगी और उनके पैर रस्सियों से बांध दिए जाएंगे? उन्होंने आगे कहा, ₹यह भारतीय कूटनीति के लिए एक परीक्षा है।₹ संयुक्त राज्य अमेरिका से 119 भारतीय निर्वासित लोगों को लेकर एक विमान शनिवार को अमृतसर हवाई



अड्डे पर उतरेगा। फ्लाइट के रात 10 बजे से 11 बजे के बीच एयरपोर्ट पर उतरने की उम्मीद है। 119 निर्वासितों में से 67 पंजाब से, 33 हरियाणा से, आठ गुजरात से, तीन उत्तर प्रदेश से, दो-दो गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से और एक-एक हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से हैं। भारत पहुंचने वाले निर्वासित लोगों में वे लोग शामिल हैं जो मेक्सिको और अन्य मार्गों से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश कर चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार, उन्होंने अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने के तुरंत बाद कथित तौर पर अपने पासपोर्ट भी फाड़ दिए। डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन द्वारा अवैध रूप से अमेरिका में

> संयुक्त राज्य अमेरिका से 119 भारतीय निर्वासित लोगों को लेकर एक विमान शनिवार को अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरेगा। फ्लाइट के रात 10 बजे से 11 बजे के बीच एयरपोर्ट पर उतरने की उम्मीद है।

प्रवेश करने वाले लोगों पर अभूतपूर्व कार्रवाई के बीच अमृतसर के लिए उड़ानें वापसी करने वाले लोगों की दूसरी खेप हैं। इससे पहले, भारतीय निर्वासित लोगों को लेकर अमेरिकी वायु सेना का एक विमान 5 फरवरी को अमृतसर पहुंचा था। अमृतसर में उतरने वाले विमान में कुल 104 भारतीय नागरिक सवार थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की. उन्होंने कहा कि अमृतसर को जानबूझकर चुना जा रहा है ताकि ये दशार्या जा सके कि केवल पंजाबी ही अवैध अप्रवासी हैं. उन्होंने कहा पंजाब और पंजाबियों को बदनाम करने की साजिश हो रही है. पहला फ्लाइट अमृतसर में उतरा और अब दूसरा फ्लाइट भी यहीं उतरेगा. विदेश मंत्रालय को ये बताना चाहिए कि आखिर किस आधार पर अमृतसर को चुना गया? आप अमृतसरं को इसलिए चुनते हैं ताकि पंजाब को बदनाम किया जा सके.

मुख्यमंत्री मान ने ये भी सवाल किया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात हो रही थी

## दिल्ली में चुनावी हार के बाद आप को लगा बड़ा झटका, तीन मौजूदा पार्षद बीजेपी में हुए शामिल



एजेंसी

**नयी दिल्ली**। दिल्ली में दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में एमसीडी पार्षद अनीता बसोया, संदीप बसोया, निखिल चपराना, धर्मवीर सिंह बीजेपी में शामिल हुए। हाल में ही संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतकर कमाल किया है। ऐसे में अब एमसीडी में भी भाजपा की सरकार बन सकती है। पूरा का पूरा नंबर गेम इससे पलट सकता है। यह अरविंद केजरीवाल के लिए भी बड़ा झटका है। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, केंद्र, विधानसभा और नगर निगम स्तर पर - दिल्ली में ट्रिपल इंजन सरकार होगी - जो सही समय पर इसे 'विकसित भारत' के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण की राजधानी के रूप में विकसित करेगी। अनीता बसोया (एंड्रयूज गंज), निखिल चपराना (हरि नगर) और धर्मवीर (आर के पुरम) तीन आप पार्षद हैं, जिन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की भारी जीत के कुछ दिनों बाद पाला बदल लिया था। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए पार्षद भाजपा में शामिल हुए हैं। एमसीडी मेयर का चुनाव अप्रैल में होने वाला है।

- हाल में ही संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतकर कमाल किया है। ऐसे में अब एमसीडी में भी भाजपा की सरकार बन सकती है। पूरा का पूरा नंबर गेम इससे पलट सकता है।

## सम्पादकीय

# सांस्कृतिक विविधता का अनूठा उत्सव है काशी तमिल संगमम

काशी तमिल संगमम का तीसरा संस्करण आज से शुरू हो रहा है। यह भारत की विविधता में एकता का एक और प्रमाण है। 15 से 24 फरवरी के बीच आयोजित होने वाला यह अनूठा सांस्कृतिक संगम देश के दो सबसे प्राचीन और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध क्षेत्रों-काशी और तमिलनाडु को एक साथ लाता है। यह अनूठा सांस्कृतिक संगम भूगोल से परे प्रगाढ़ सभ्यतागत बंधन को बढ़ावा देता है। काशी तमिल संगमम का उद्घाटन 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इस वर्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम का यह तीसरा संस्करण है। आजादी के अमृत महोत्सव समारोह के अंग के रूप में आरंभ की गई भारत सरकार की यह पहल एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को कायम रखती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने घोषणा की है कि इस कार्यक्रम का तीसरा संस्करण भारत के सबसे सम्मानित संतों में से एक महर्षि अगस्त्यर (अगस्त्य) की स्मृति में मनाया जाएगा। महर्षि अगस्त्यर की बौद्धिक क्षमता तमिल भाषा और साहित्य, साझा मूल्यों, ज्ञान परंपराओं और विरासत की नींव के रूप में कार्य करती है। इस वर्ष काशी तमिल संगमम का विशेष महत्व है, क्योंकि इसकी आयोजन अवधि महाकुंभ के साथ मेल खाती है और अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला संगम है। महाकुंभ और श्री अयोध्या धाम की पृष्ठभूमि और महर्षि अगस्त्यर पर मुख्य फोकस के साथ काशी तमिल संगमम उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करेगा। यह भारत के दो सबसे प्राचीन शिक्षा और सांस्कृतिक विरासत केंद्रों तमिलनाडु और काशी के बीच संबंध को इतना प्रगाढ़ करेगा, जितने पहले कभी नहीं हुए। काशी तमिल संगमम 3.0 के लिए सरकार ने तमिलनाडु से लगभग 1,000 प्रतिनिधियों को लाने की योजना बनाई है। इसमें युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया गया है। काशी तमिल संगमम के दौरान उपस्थित लोगों को काशी एवं तमिलनाडु, दोनों की उत्कृष्ट कला का अनुभव होगा। सदियों से तमिल संतों, ऋषियों और विद्वानों ने काशी की यात्रा की है, जिसने इसके आध्यात्मिक और शैक्षणिक परिदृश्य को समृद्ध किया है। तमिल समुदाय ने काशी को पवित्र स्थल के रूप में प्रतिष्ठित किया है। ज्ञान एवं परंपराओं का यह आदान-प्रदान पारस्परिक रहा है। आदि शंकराचार्य से लेकर महाकवि सुब्रमण्यम भरतियार तक, काशी में तमिल सांस्कृतिक पदचिह्न गहरे और स्थायी रहे हैं। सबसे महान तमिल साहित्यकारों में से एक महाकवि भरतियार का घर काशी में हनुमान घाट के तट पर स्थित तीर्थ स्थल है। काशी-तमिलनाडु का संबंध सदियों पुराना है। तमिल संत कुमारगुरुपारा देसीकर ने 17वीं शताब्दी में हनुमान घाट पर कुमारस्वामी मठ की स्थापना की।

## आज का विचार






## राशिफल

**मेष :** आज भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृष :** वृष आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन :** आज ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**कन्या :** आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु :** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मकर :** आज शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।

**मीन :** आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# तैयार हुआ भविष्य के संबंधों का खाका, कुछ मुद्दों पर पेच सुलझने की उम्मीद

> **भारत-अमेरिका के बीच कुछ मुद्दों पर जरूर अभी पेच फंसा हुआ है लेकिन परस्पर हितों की गहरी समझ और मोदी-ट्रंप की आत्मीयता के चलते भविष्य में उनके भी सुलझने की उम्मीद है। ट्रंप का रुख दूसरे कार्यकाल में ज्यादा आक्रामक रहने वाला है। पीएम मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच रक्षा कारोबार सहित कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों की मुलाकात में गर्मजोशी दिखी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अस्थिर, अनपेक्षित एवं अप्रत्याशित स्वभाव सर्वविदित है। दूसरे कार्यकाल में उन्होंने अपनी चिरपरिचित शैली में एक के बाद एक फैसलों से पूरी दुनिया को चौंकाने का काम किया है। उनके रुख से स्पष्ट है कि पहले कार्यकाल की तुलना में राष्ट्रपति के रूप में अपनी दूसरी पारी में उनका रवैया और आक्रामक रहने वाला है वह अमेरिका की प्राथमिकताओं को नए सिरे से तय कर रहे हैं। ऐसे में दुनिया भर के देशों को भी अमेरिका के साथ अपने संबंधों की नई रूपरेखा बनानी पड़ रही है। ऐसे समय में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिकी दौरे पर सभी की निगाहें टिकी हुई थीं। दोनों नेताओं की बातचीत में कई उलझाऊ मुद्दों के सुलझने के आसार बनते दिखे तो अगले चार साल के लिए द्विपक्षीय संबंधों का खाका भी खिंचा।

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच बैठक में निजी आत्मीयता के भी दर्शन हुए। व्हाइट हाउस में पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें उनकी कमी महसूस हो रही थी। इजरायली प्रधानमंत्री, जापानी प्रधानमंत्री और जार्डन के राजा के बाद मोदी चौथे वैश्विक नेता हैं, जिनकी ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल में मेजबानी की। इस तरह सांकेतिक तौर पर भी इस दौरे की महत्ता सहज ही समझी जा सकती है। ट्रंप का जैसा व्यक्तित्व है उसे देखते हुए उनके साथ समीकरण दुरुस्त रखने में निजी संबंध बहुत अहम



भूमिका निभाते हैं। प्रधानमंत्री को ट्रंप ने मित्र के रूप में संबोधित करते हुए उन्हें टफ नेगोशिएटर यानी सौदेबाजी में सख्त और दक्ष भी बताया। पीएम मोदी ने भी ट्रंप के विजन मेक अमेरिका ग्रेट अगेन और अपनी संकल्पना विकसित भारत के बीच समानता दशार्ते हुए साझा दृष्टिकोण को रेखांकित किया।

दुनिया भर के देश जिस तरह अमेरिका के साथ अपने संबंधों के पुनर्संयोजन में लगे हैं, उसे देखते हुए भारत को भी देर-सबेर यह काम करना था। प्रधानमंत्री के दौरे के साथ यह प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू भी हो गई। ट्रंप प्रशासन इस समय टैरिफ को लेकर बहुत आक्रामक है और पीएम मोदी के साथ बैठक से कुछ घंटे पहले ही ट्रंप ने जवाबी टैरिफ को लेकर कदम बढ़ाने की घोषणा भी की।

स्वाभाविक है कि दोनों नेताओं के बीच इस मुद्दे पर चर्चा हुई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने जवाबी टैरिफ का एलान जरूर किया है, लेकिन अभी उसके लिए आकलन एवं अन्य पहलुओं को तय किया जाना शेष है। ऐसे में कहीं न कहीं भारत के लिए अपने हितों को सुरक्षित बनाए रखने की गुंजाइश बनी हुई है। अब यह वातार्कारों पर निर्भर करता है कि इसे किस तरह आगे बढ़ाया जाता है। हालांकि दोनों देशों ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इससे तय है कि आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा और इस राह में संभावित अवरोधों को समय रहते दूर करने का प्रयास किया जाएगा। अमेरिका ने भारत को अत्याधुनिक रक्षा तकनीक और तेल एवं गैस के साथ ही अन्य उभरती हुई प्रौद्योगिकियों की जो पेशकश की है, उससे व्यापारिक संबंधों को नया आयाम मिलेगा। हिंद प्रशांत से लेकर पश्चिम एशिया में परस्पर हितों के लिए दोनों देशों के बीच सामरिक साझेदारी को सैन्य प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से और मजबूती मिलेगी। जहां तेल एवं गैस की बिक्री से भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वहीं हाइड्रोकार्बन खरीद में विविधीकरण बढ़ेगा और कुछ पक्षों पर निर्भरता घटेगी। इसी तरह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई जैसे नए उभरते हुए क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच बढ़ता हुआ सहयोग न केवल द्विपक्षीय, बल्कि वैश्विक व्यवस्था को भी लाभ पहुंचाएगा। रूस-यूक्रेन के बीच तनाव घटाने को लेकर ट्रंप जिस तरह सक्रिय एवं प्रतिबद्ध हैं, उससे भी भारत के लिए वैश्विक व्यापार में सुगमता बढ़ेगी, क्योंकि बाइडन प्रशासन ने रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हुए थे। इसी तरह चाबहार बंदरगाह का मामला ट्रंप ने विदेश मंत्री मार्को रूबियो पर छोड़ दिया है कि वही तय करें कि क्या करना है। इससे यही संकेत मिलता है कि भारत को छूट जारी रहेगी। सामरिक मोर्चे पर भी दोनों देशों की जुगलबंदी और बेहतर हो रही है। पश्चिम एशिया से लेकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए दोनों देशों ने अपने प्रयासों की प्रतिबद्धताओं को पुनः व्यक्त किया है। पश्चिमी एशिया में जहां आइटूयूटू को व्यापकता दी जाएगी वहीं हिंद-प्रशांत के लिए हिंद महासागर पहल की घोषणा की गई है। अमेरिका बार-बार स्वतंत्र एवं मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र की बात दोहराता है और यह सुनिश्चित करने में भारत की साझेदारी को अहमियत देता रहा है। चीन की बढ़ती हुई चुनौती और प्रमुख वैश्विक व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा के लिए दोनों देशों के ऐसे प्रयास बहुत आवश्यक भी हैं। आतंकवाद के मुद्दे पर भी दोनों देशों की साझा चिंता सामने आई। अमेरिका ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर भारत की चिंताओं से भी अमेरिका ने सहमति जताई है। भारत के लिए परेशानी बढ़ा रहे बांग्लादेश के मामले में तो राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कह दिया कि इस पड़ोसी देश के मामले में जो करना है वह प्रधानमंत्री मोदी ही तय करें। इसे बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के लिए कड़ा संदेश समझा जाए, जिसके बारे में माना जाता है कि बाइडन प्रशासन की मेहरबानी से ही वह अस्तित्व में आ सकी। प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका दौरे में आर्थिक, सामरिक एवं रणनीतिक संबंधों पर व्यापक सहमति बनी है। दोनों देश 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप संबंधों को आकार देने की दिशा में आगे बढ़े हैं। कुछ मुद्दों पर जरूर अभी भी पेच फंसा हुआ है, लेकिन मोदी-ट्रंप की आत्मीयता और परस्पर हितों की गहरी समझ को देखते हुए आने वाले समय में उनके भी सुलझने की उम्मीद बढ़ी है।

# उपग्रह प्रक्षेपण से बढ़ता प्रदूषण

विजय गर्ग

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंतरिक्ष अन्वेषण एक महत्त्वपूर्ण कदम है। इसने मानव जाति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। राकेट प्रक्षेपण के माध्यम से उपग्रह और अन्य उपकरणों को अंतरिक्ष में भेजना आज के युग की आवश्यकता बन गई है। चाहे यह संचार के लिए हो, मौसम का अध्ययन हो ग्रहों पर जीवन की खोज हो। राकेट प्रक्षेपण ने मानवता को नई संभावनाओं से परिचित कराया है। हालांकि इसके साथ ही यह प्रक्रिया पर्यावरण के लिए गंभीर समस्याएं भी पैदा करती है। प्रक्षेपण के दौरान वायुमंडलीय प्रदूषण, ओजोन परत का क्षरण, ध्वनि प्रदूषण, जल और मिट्टी का प्रदूषण और अंतरिक्ष में मलबा जैसी समस्याएं अब सामने आ रही हैं। इनको समझना और उनका समाधान निकालना आवश्यक है, ताकि तकनीकी प्रगति और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित किया जा सके। राकेट को अंतरिक्ष में भेजने के लिए बहुत शक्तिशाली ईंधन का उपयोग किया जाता है। यह ईंधन जलता है, तो बड़ी मात्रा में गैसें और कण उत्सर्जित होते हैं। इनमें कार्बन डाइआक्साइड और अन्य हानिकारक गैसें शामिल होती हैं। ठोस ईंधन के जलने पर कार्बन और नाइट्रोजन आक्साइड उत्सर्जित होते हैं, जो प्रदूषण का कारण बनते हैं। तरल हाइड्रोजन और आक्सीजन उपयोग करने वाले राकेट कम प्रदूषण करते हैं, लेकिन ये अभी पूरी तरह साफ नहीं हैं। ओजोन परत सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों (यूवी) को अवशोषित करती है, जो मानव, जीव-जंतुओं और पौधों के और पौधों के लिए घातक होती हैं। इसे पृथ्वी के सुरक्षा कवच के रूप में जाना जाता है, क्योंकि यह है, हमारे ग्रह ग्रह को प्राकृतिक आपदाओं और जैविक क्षति से बचाती है। राकेट प्रक्षेपण के दौरान



ठोस 'प्रोपेलेंट्स' में उपयोग किए जाने वाले क्लोरिन- आधारित यौगिक ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत को क्षति पहुंचाते हैं। क्लोरीन अणु ओजोन अणुओं को तोड़ कर पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक पहुंचने देते हैं, जो स्वास्थ्य और । और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए हानिकारक है। राकेट प्रक्षेपण के दौरान नाइट्रोजन आक्साइड गैसें पैदा होती हैं, जो ओजोन के साथ प्रतिक्रिया कर उसे नष्ट करती हैं। ये गैसें कई वर्षों तक वर्षा तक वायुमंडल में बनी रह सकती हैं। प्रक्षेपण के दौरान निकली गैसें सीधे ऊपरी वायुमंडल प्रवेश करती हैं, जहां ओजोन परत को खुद को पुनर्निर्मित करने का समय नहीं मिलता। बार-बार प्रक्षेपण से यह समस्या और बढ़ जाती है। ठोस और तरल ईंधनों के जलने से कालिख और ब्लैक कार्बन कण पैदा होते हैं, जो ओजोन परत के परत के नवीकरण को रोकते हैं। अंतरिक्ष अनुसंधान में वृद्धि के कारण राकेट प्रक्षेपण की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह ओजोन परत के लिए दीर्घकालिक खतरा है, 1 है, क्योंकि प्रदूषण का संचय बढ़ता जा रहा है।

राकेट प्रक्षेपण के दौरान उत्पन्न ध्वनि का स्तर अधिक होता है, जो मानव और वन्यजीवों दोनों के लिए हानिकारक है। यह स्थानीय पर्यावरण पर गहरा प्रभाव डालता है और वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को बाधित करता है। प्रक्षेपण स्थल के आसपास के जानवर और पक्षी तीव्र ध्वनि से भयभीत हो जाते हैं, जिससे उनके व्यवहार और प्रजनन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ध्वनि तरंगों की तीव्रता के कारण आसपास के पेड़ों और वनस्पतियों को भी नुकसान हो सकता है। अत्यधिक ध्वनि हानिकारक होती है। यह सुनने की क्षमता को नुकसान पहुंचा सकती है। प्रक्षेपण स्थल पर मौजूद लोगों को मानसिक तनाव, अनिद्रा और अन्य शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अत्यधिक तीव्र ध्वनि तरंगें आसपास की इमारतों और संरचनाओं को क्षति पहुंचा सकती हैं।

जब राकेट उड़ान भरता है, तो उसका इंजन बहुत अधिक गर्मी और गैस उत्सर्जित करता है, जिसमें हानिकारक रसायन और भारी धातुएं होती हैं। ये रसायन जमीन पर गिर कर मिट्टी में मिल जाते हैं। जिससे उसकी प्राकृतिक गुणवत्ता को नुकसान पहुंचता है। राकेट ईंधन में मौजूद हानिकारक रसायन (जैसे, हाइड्रोक्लोरिक एसिड और भारी धातुएं) मिट्टी की संरचना को बदल देते हैं। इन रसायनों के कारण मिट्टी का पीएच स्तर असंतुलित हो सकता है, जिससे वहां की खेती और पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है। प्रदूषित मिट्टी में सूक्ष्म जीवों और कीड़ों के जीवित रहने में कठिनाई । होती है, जिससे जिससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र पर असर पड़ता है। इन रसायनों का असर मिट्टी पर लंबे समय तक बना रह सकता है, जिससे जमीन की उपजाऊ क्षमता कम हो जाती है। वहीं प्रक्षेपण से अंतरिक्ष मलबे का बनना एक बड़ी समस्या जब कोई राकेट अंतरिक्ष में भेजा जाता है, तो उसके अलग-अलग हिस्से जैसे बस्टर जसे बूस्टर और उपग्रह को अंतरिक्ष में ले जाने वाले अन्य उपकरण, अपने काम पूरे करने के बाद अलग हो । इनमें से कुछ पृथ्वी पर वापस गिरते हैं, लेकिन कई टुकड़े अंतरिक्ष में ही घूमते रहते हैं। पुराने और निष्क्रिय उपग्रह समय के साथ टूटने लगते हैं, जिससे छोटे-छोटे टुकड़े बन जाते हैं। जब दो उपग्रह या मलबे आपस में टकराते हैं, तो उनके टुकड़े और ज्यादा मलबा बनाते हैं।

राकेट और उपग्रह भेजने के के लिए अंतरराष्ट्रीय नियम और दिशा-निर्देश बनाए गए हैं, ताकि मलबे की समस्या को नियंत्रित किया सके। प्रक्षेपण स्थल के चारों ओर ध्वनि अवरोधक बनाए जा सकते हैं। राकेट प्रक्षेपण के दौरान जलवाष्प का उपयोग ध्वनि तरंगों की तीव्रता को कम करने के लिए किया जाता है। यह तरीका नासा और अन्य एजेंसियां अपनाती हैं। क्लोरीन आधारित ठोस ईंधनों को नाइट्रोजन आधारित यौगिकों से प्रतिस्थापित करना ओजोन परत की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम है।

वैज्ञानिकों ने कई नवाचार किए। जिनका उद्देश्य प्रक्षेपण के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करना है। हरित ईंधन के विकास और उपयोग से प्रदूषण को काफी हद तक कम किया जा सकता है। जैव ईंधन, तरल हाइड्रोजन और तरल आक्सीजन जैसे ईंधन न केवल कम विषैले होते हैं, बल्कि इनके जलने से न्यूनतम प्रदूषण होता है। राकेट प्रक्षेपण स्थलों को ऐसे क्षेत्रों स्थापित किया जाए, जहां पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़े, जैसे समुद्र तट के नजदीक ।। संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र और घनी आबादी वाले क्षेत्रों से प्रक्षेपण स्थलों को दूर रखना चाहिए। स्पेसएक्स जैसे संगठनों ने पुनः उपयोग योग्य राकेट विकसित किए हैं, जैसे फाल्कन 9, यह तकनीक हर प्रक्षेपण के लिए नए राकेट की जरूरत को समाप्त करती है।

# (मीमांसा) शिक्षा संस्कार, संस्कृति की जनक, चेतना से सार्थक होता जीवन

संजीव ठाकुर

शिक्षा जीवन के महत्व, संस्कार की संकल्पना को निरूपित करती है वही साक्षरता मनुष्य के संपूर्ण जीवन को अंश मात्र से ही अपना पक्ष रखती हैंशिक्षा व्यक्ति के संपूर्ण जीवन पद्धति को विकसित करने का जरिया तथा महत्वपूर्ण विकल्प हैजिसके अंतर्गत पढ़ना लिखना समझना चरित्र विकास बौद्धिक मानसिक मनोवैज्ञानिक आध्यात्मिक सभी पहलुओं में गुणात्मक विकास करने के लिए आवश्यक कारक हैसबसे पहले हमें शिक्षा और साक्षरता के मूल अंतर को पहचानना होगासाक्षरता में संस्कृतिक सभ्यता तथा अन्य माननीय जीवन की कल्पना से इसका कोई संबंध नहीं रह जाता हैसाक्षरता सदैव रोजगार मूलक पहलुओं से जुड़ी होती है। जबकि सभ्यता संस्कृति का विकास मानवी शिक्षा से ही संभव हो पाता हैशिक्षा हमें सभ्य होना सिखाती है। इसमें व्यक्ति के मनन, चेतना, सद्बुद्धि और विचारशीलता में वृद्धि करती हैऐसा भी संभव होता है कि कई वर्षों के अध्ययन से व्यक्ति सभ्य और सुसंस्कृत नहीं हो पाता है। इसीलिए विचारकों ने शिक्षा और संस्कृति को अलग-अलग पैमाने से नापा हैसुसंस्कृत व्यक्ति सदैव संतुलित, शांत एवं नीति निर्णायक बन सकता है। पर कई उदाहरणों में ऐसा भी पाया गया है उच्च शिक्षित व्यक्ति उच्छृंखल हो सकता है. वर्तमान समय में उच्च शिक्षित और ज्यादा पढ़े लिखे अज्ञानियों की संख्या बहुतायत में हैऐसा ज्यादातर तकनीकी शिक्षा के मामले में देखा गया है, इसीलिए उच्च शिक्षित व्यक्ति जो सद व्यवहार नहीं करता, उन्हें केवल साक्षर मान के शिक्षित व्यक्ति ना माना जाएशिक्षा और संस्कृति तथा विरासत के मूल्य का आपस में गहरा संबंध है।जबकि साक्षरता का इससे बहुत दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं हैवैसे शिक्षा और संस्कृति के ज्ञान का प्रारंभिक गर्भावस्था से ही हो जाता है, अर्जुन पुत्र अभिमन्यु इस बात के बहुत बड़े उदाहरण हैमहात्मा गांधी तथा अब्राहम लिंकन ने मनुष्य के चरित्र निर्माण एवं विकास के लिए माताओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण बताया है।

परिवार की शिक्षा के बाद विद्यालयों की शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें अनुशासन, सहभागिता, समानता एवं नेतृत्व जैसे गुणों का समावेश होता हैपुस्तकों का ज्ञान व्यक्ति एवं व्यक्ति के जीवन में संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता हैपर शिक्षक की भूमिका जिंदगी में बड़ी ही प्रेरणादाई होती है। यह कहा जाता कि बिना गुरु ज्ञान नहीं हो सकता है, लोकोक्ति सही भी है, शिक्षकों का मार्गदर्शन खेल खेलने से विकसित होने वाले मूल्य जैसे समूह की भावना, निष्पक्षता, ईमानदारी, साहस की भावना को परिष्कृत करती हैऐसे कई उदाहरण हैं की बिना साक्षरता के व्यक्ति पूर्ण रूप से शिक्षित एवं सुसंस्कृत हो सकता हैअपने समय के महान चिंतक फिलासफर सुकरात ने कहा था कि मैं शिक्षित अथवा ज्ञानी इस अर्थ में हूं, कि मैं कुछ नहीं जानता। शिक्षा व्यक्ति के जीवन में अहंकार, लालच, हिंसा, कटुता आदि को नियंत्रित करने में मदद देती है। पुराण काल में रावण प्रकांड पंडित एवं साक्षर व्यक्ति माना जाता था पर स्त्री के अपहरण में उसका कृत्य अहंकार लालच लिप्सा उसकी साक्षरता को सार्थक नहीं कर पाई। पर आज के संदर्भ में जब आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है, साक्षरता ने शिक्षा की जगह वरीयता प्राप्त करना शुरू कर दिया है। यह माना जाता है जिस व्यक्ति के पास अच्छी नौकरी अच्छा पद और मोटी मोटी तनख्वाह है, उसका समाज ज्यादा ही सम्मान करने लगता है। इन्हीं कारणों से समाज मूल्य तथा संस्कृति के विकास को दरकिनार कर रोजगार मूलक साक्षरता को ही आज वरीयता देता है।

# सभी विवाद अदालत के लिए उपयुक्त नहीं होते; मध्यस्थता ही समाधान का तरीका है : सीजेआई

● नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एमएनएलयू) के तीसरे दीक्षांत समारोह में सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि प्रत्येक मामले को कानूनी मुद्दों की नजर से नहीं बल्कि एक मानवीय पहलू के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय कानूनी सहायता का स्वरूप शायद दुनिया में सबसे मजबूत है, जहां सभी हितधारकों को सहायता दी जाती है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई । प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने कहा कि सभी विवाद अदालत और मुकदमेबाजी के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं तथा उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थता समस्या के निवारण का तरीका है क्योंकि यह रचनात्मक समाधान प्रदान करता है और संबंधों को मजबूत करता है। नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एमएनएलयू) के तीसरे दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले को कानूनी मुद्दों की नजर से नहीं बल्कि एक मानवीय पहलू के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय कानूनी सहायता का स्वरूप शायद दुनिया में सबसे मजबूत है, जहां सभी हितधारकों को सहायता दी जाती है। सीजेआई ने कहा, सभी विवाद अदालत, मुकदमेबाजी या यहां तक कि मध्यस्थता के लिए उपयुक्त नहीं होते। मध्यस्थता, समस्या के निवारण करने का वह तरीका है जो हमें विवाद के समाधान से कहीं अधिक उपाय प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह रचनात्मक समाधानों के द्वार खोलता है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग को चुनकर हम न केवल संघर्षों को कुशलतापूर्वक हल करते हैं, बल्कि लोगों और व्यवसायों के बीच संबंधों को भी मजबूत करते हैं। सीजेआई खन्ना ने कहा कि वकील समस्या समाधानकर्ता होते हैं।

# महाराष्ट्र नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए तैयार :मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने कहा कि नए आपराधिक कानून अपराध जांच, सुनवाई और फोरेंसिक प्रक्रिया को अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाएंगे और पुलिस बल, न्यायिक प्रक्रिया और फोरेंसिक मशीनरी अधिक कुशल और सुसज्जित होगी। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद मीडिया से बात करते समय यह घोषणा की है। केंद्रीय गृह मंत्री शाह की अध्यक्षता में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री फड़नवीस के साथ राज्य की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अरुण जेटली , एस.एस. चहल, मुख्यमंत्री के सचिव; श्रीकर परदेसी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री फड़नवीस ने बताया कि बैठक में कानूनों के क्रियान्वयन के लिए किये गये उपायों पर विस्तृत रिपोर्ट पेश की जायेगी। तीन नए अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य संहिता (बीएसए) को राज्य में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। बैठक के बाद फड़नवीस ने संवाददाताओं से कहा, फोरेंसिक बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण प्रक्रिया में तेजी लाई गई है। महाराष्ट्र सरकार ने फोरेंसिक जांच प्रणाली को और अधिक कुशल बनाने के लिए 27 नई फोरेंसिक वैन तैनात की हैं। उन्होंने कहा कि अगले छह महीने में पूरा फोरेंसिक नेटवर्क विकसित कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सात साल से अधिक की सजा वाले अपराधों के मामले में फोरेंसिक विशेषज्ञ घटनास्थल पर मौजूद रहेंगे और साक्ष्य संग्रह की प्रक्रिया तुरंत पूरी की जाएगी। नए कानूनों के तहत सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए बड़े कदम उठाए हैं कि भविष्य में आरोपियों को बार-बार सीधे अदालत में न ले जाना पड़े। राज्य की सभी अदालतों में अधिसूचित कक्ष स्थापित किये जा रहे हैं और ये कक्ष ऑनलाइन जुड़े रहेंगे। इससे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई हो सकेगी। इससे पुलिस बल पर अतिरिक्त बोझ कम होगा। नए कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए राज्य सरकार ने पुलिस को विशेष प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य के 2 लाख पुलिसकर्मियों में से 90% ने अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है और शेष प्रशिक्षण 31 मार्च, 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। नए कानूनों के मुताबिक अब मामलों को आगे बढ़ाने के लिए बार-बार तारीखों की मांग नहीं की जाएगी। इसलिए मुकदमों के नतीजे में तेजी आएगी और न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी। मुकदमों का निपटारा अधिक तेजी से और प्रभावी ढंग से हो, इसके लिए अभियोजन शाखा को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा उठाए गए कदमों और नए कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए की गई पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री फड़नवीस ने यह भी बताया कि नई प्रणाली न्यायिक प्रक्रिया में बड़े बदलाव लाएगी।

फास्ट ट्रैक

# मुंबई के फ्रीमेसन हॉल में आग लगी, कोई हताहत नहीं

एक अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में कुर्ला के एक औद्योगिक क्षेत्र में कपड़ा गोदाम में दोपहर करीब 1:20 बजे आग लग गई। उन्होंने बताया कि मामूली आग को शीघ्र ही बुझा दिया गया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

दक्षिण मुंबई स्थित फ्रीमेसन हॉल में शनिवार दोपहर आग लग गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि तीन मंजिला इमारत में दोपहर करीब 2:20 बजे लगी आग में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि आग को प्रथम स्तर (मामूली) की श्रेणी में रखा गया है तथा इसपर काबू पाने का प्रयास जारी है। एक अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में कुर्ला के एक औद्योगिक क्षेत्र में कपड़ा गोदाम में दोपहर करीब 1:20 बजे आग लग गई। उन्होंने बताया कि मामूली आग को शीघ्र ही बुझा दिया गया।

# यूं न मिलना किसी से कभी...शिवसेना यूबीटी सांसदों के लिए आदित्य ठाकरे ने जारी किया फतवा

यूबीटी गुट के कई सांसद शिंदे और अन्य लोगों का शिंदे खेमे के लोगों से मिलना और कार्यक्रम जाना ठाकरे परिवार को पसंद नहीं आ रहा। आलम ये है कि आदित्य ठाकरे ने पार्टी सांसदों के लिए एक तरीके का फतवा जारी कर दिया है। आदित्य ने सख्त हिदायत देते हुए यूबीटी गुट के सांसदों को शिंदे खेमे के सांसदों के साथ मेलजोल नहीं रखने को कहा है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई । संसद सत्र चल रहा है और इसकी वजह से सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सभी खेमों के सांसदों का दिल्ली में होना लाजिमी है। अब दिल्ली में ठहरे हैं तो चाहे राजनीतिक मतभेद कितने भी रहे हो। लेकिन मनभेद नहीं रहा करता। एक दूसरे को डिनर इनवाइट भी आम ही रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी जब प्रधानमंत्री थे तो 2001 में पवार साहब के 61वें जन्मदिन समारोह में भाग लेने के लिए दिल्ली से फ्लाइट तक ले ली थी। वहीं महाराष्ट्र की राजनीति में बाल ठाकरे और शरद पवार के बीच सियासी उठा पटक हमेशा देखने को मिली। अपने भाषणों में पवार के लिए अक्सर 'मैद्याचा पोटा' यानी 'आटे की बोरी' का इस्तेमाल किया करते। लेकिन दोनों का परिवार एकसाथ खाना खाया करता और एक-दूसरे का खयाल रखा करता। मतलब साफ है कि राजनीति और आपक से संबंध कभी भी नेताओं के आड़े नहीं आए। लेकिन वक्त बदला और बदलते वक्त के साथ राजनीति भी अब बदलने लगी है। राकांपा-सपा प्रमुख शरद पवार द्वारा शिवसेना को तोड़ने वाले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने पर निराशा व्यक्त करने के बाद, उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना गुट का नेतृत्व अपने स्वयं के उन सांसदों से भी नाराज है जो शिंदे और उनके गुट के साथ मेलजोल रख रहे हैं। यूबीटी गुट के कई सांसद शिंदे और अन्य लोगों का शिंदे खेमे के लोगों से मिलना और कार्यक्रम जाना ठाकरे परिवार को पसंद नहीं आ रहा। आलम ये है कि आदित्य ठाकरे ने पार्टी सांसदों के लिए एक तरीके का फतवा जारी कर दिया है। आदित्य ने सख्त हिदायत देते हुए यूबीटी गुट के सांसदों को शिंदे खेमे के सांसदों के साथ मेलजोल नहीं रखने को कहा है। आदित्य ने जाहिर तौर पर सांसदों से शिंदे की शिवसेना से रात्रिभोज निमंत्रण स्वीकार करने से पहले पार्टी नेतृत्व की पूर्व मंजूरी लेने के लिए कहा है। 11 फरवरी को जब पवार ने शिंदे को सम्मानित किया, तो मुंबई उत्तर पूर्व से यूबीटी सेना सांसद संजय दीना पाटिल दिल्ली में कार्यक्रम में मौजूद थे। जाहिर तौर पर उसी रात एकनाथ शिंदे के बेटे और कल्याण सांसद श्रीकांत शिंदे द्वारा आयोजित रात्रिभोज में पाटिल भी मौजूद थे। 12 नवंबर को यूबीटी सेना के लोकसभा सांसद, जिनमें नागेश अष्टिकर, भाऊसाहेब वाकचौरे और संजय जाधव शामिल थे।

# महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी की राष्ट्रीय संगोष्ठी में नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं पर गहन वैचारिक मंथन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई। महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी, मुंबई तथा मुंबई महानगर की बैंकों की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक बैंक ऑफ महाराष्ट्र के संयुक्त तत्वावधान में नई शिक्षा नीति: क्षेत्रीय भाषा और राजभाषा का परस्पर समन्वय के सम-सामयिक विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया, जिसमें इस महत्वपूर्ण विषय के विविध पहलुओं पर गहन वैचारिक मंथन किया गया। यह संगोष्ठी मुंबई के चर्चगेट स्थित इंडियन मर्चेंट चैम्बर्स के सभागार में शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025 को महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ. शीतला प्रसाद दुबे और अन्य अतिथिगणों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुई। सबसे पहले महाराष्ट्र राज्य गीत की प्रस्तुति हुई तथा मंच पर विराजमान सभी अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं अकादमी द्वारा प्रकाशित ऐतिहासिक पुस्तक ₹महाराष्ट्र-बलिदानों की धरती₹ भेंट कर उनका स्वागत-सत्कार किया गया। इस गरिमापूर्ण संगोष्ठी के अध्यक्ष के रूप में महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ. शीतला प्रसाद दुबे तथा सह अध्यक्ष के रूप में बैंक नराकास, मुंबई के अध्यक्ष एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र के महाप्रबंधक गिरीश मोहनराव थोरात द्वारा नई शिक्षा नीति में राजभाषा और क्षेत्रीय भाषा के परस्पर समन्वय का बखूबी विश्लेषण किया गया। डॉ. दुबे ने इस आयोजन को अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए कहा कि क्षेत्रीय भाषाओं की जड़ें भारतीय संस्कृति के संवर्धन में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। अतः उनका संरक्षण बहुत आवश्यक है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के महाप्रबंधक श्री थोरात ने कहा कि मुंबई की बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति राजभाषा के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं को भी बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के गृह मंत्रालय में राजभाषा कार्यान्वयन की सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक डॉ. सुष्मिता भट्टाचार्य नई शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत करवाया। मुख्य वक्ताओं के रूप में हिंदी शिक्षण संस्था, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के उप निदेशक राजेंद्र वर्मा, एस एन डीटी महाविद्यालय की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना शर्मा तथा प्रसिद्ध कहानीकार, लेखक एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक डॉ. राजेंद्र श्रीवास्तव ने सुरुचिपूर्ण शैली में नई शिक्षा नीति के महत्वपूर्ण मुद्दों की उपयोगी जानकारी दी। इन चर्चा सत्रों में विभिन्न वक्ताओं द्वारा मूल विषय को साहित्यिक दृष्टिकोण और तकनीकी दृष्टिकोण से भी बखूबी जोड़ा गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुष्मिता भट्टाचार्य ने महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा भाषाओं के संवर्धन में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की तथा इस संगोष्ठी के आयोजन को इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम बताया। विविध चर्चा सत्रों में विषय प्रवर्तकों के रूप में इंडियन ओवरसीज बैंक के राजभाषा प्रबंधक संतोष पाठक, सिडबी की सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) श्रीमती सुनीता मुरली एवं एक्ज़िम बैंक के मुख्य राजभाषा प्रबंधक पद्माकर मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस संगोष्ठी में बैंक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति मुंबई के सदस्य कार्यालयों के राजभाषा अधिकारी और कार्यपालकों के अलावा महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्यकारी सदस्य गजानन महतपुरकर एवं प्रो. मार्कंडेय त्रिपाठी तथा सह निदेशक सचिन निंबालकर भी मौजूद थे, जिनका स्वागत-सत्कार मंच पर किया गया। संगोष्ठी का सफल सूत्र संचालन एवं आभार प्रदर्शन बैंक ऑफ महाराष्ट्र के मुख्य राजभाषा प्रबंधक और बैंक नराकास मुंबई के सदस्य सचिव हितेन्द्रनाथ घोटकर ने किया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकार प्रो. अजीत राय, अश्वनी राय और उषा दुबे सहित विभिन्न साहित्य सेवी तथा विविध महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता दर्ज कराई।

# लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण रोकने की तैयारी, फडणवीस सरकार ने बनाई हाई लेवल कमेटी

● सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने पिछले दिनों कहा था कि उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में बनाए गए समान कानूनों के बाद, महाराष्ट्र जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ एक कानून लाने की योजना बना रहा है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई ।महाराष्ट्र सरकार ने जबरन धर्मांतरण और 'लव जिहाद' के मामलों के खिलाफ नए कानून के कानूनी पहलुओं का अध्ययन करने के लिए राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की अध्यक्षता में सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति में महिला एवं बाल कल्याण, अल्पसंख्यक मामले, कानून और न्यायपालिका, सामाजिक न्याय और विशेष सहायता विभागों के सचिव और गृह विभाग के उप सचिव शामिल हैं। सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने पिछले दिनों कहा था कि उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में बनाए गए समान कानूनों के बाद, महाराष्ट्र जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ एक कानून लाने की योजना बना रहा है। समाजवादी पार्टी के विधायक रईस शेख ने इस कदम का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास ऐसे मामलों के लिए सांख्यिकीय साक्ष्य का अभाव है और वह इसे 'जिहाद' का नाम देकर जबरन धर्मांतरण के मुद्दे का राजनीतिकरण कर रही है। जीआर ने समिति की जिम्मेदारियों को निर्दिष्ट किया: वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करना, 'लव जिहाद' और जबरन धार्मिक रूपांतरण के बारे में शिकायतों को संभालना, अन्य राज्यों के कानूनों की जांच करना, कानूनी ढांचे की स्थापना करना और कानूनी निहितार्थों की समीक्षा करना। दस्तावेज में 'लव जिहाद' और जबरन धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए जन प्रतिनिधियों, संगठनों और नागरिकों के अनुरोधों का उल्लेख किया गया है। समिति वर्तमान परिस्थितियों का विश्लेषण करेगी और उपयुक्त कानून विकसित करने के लिए अन्य राज्यों में मौजूदा कानूनी संरचनाओं का अध्ययन करते हुए 'लव जिहाद' शिकायतों और जबरन धर्मांतरण के संबंध में उपायों की सिफारिश करेगी।

# गोपियों पर उध्दव के ज्ञान का नहीं पड़ा असर

## कृष्ण विरह में तड़पती रहीं गोपियाँ।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुम्बई । मथुरा के राजा कंस का बध श्रीकृष्ण के हाथों होने के बाद श्रीकृष्ण वृन्दावन छोड मथुरा रहने लगे। लेकिन कृष्ण को अपने परिवार की याद सताने लगी। परिजनों को समझाने के लिए कृष्ण ने उद्धव को गोपियों के पास भेजा ।विरहनी जीवन में भी गोपियों पर उद्धव की ज्ञान भरी बातें असर न कर सकीं । गोपियों ने अपनी अविरल अश्रुधारा बहाकर अपने प्रेम को दशार्या । आज भी ब्रज मण्डल का जल इसी अश्रुधारा के कारण खारेपन का अहसास दिला रहा है। उक्त बातें संत राजकृष्ण शास्त्री ने कोपरखैरणे में विश्व भारती इंग्लिशस्कूल एन्ड कनिष्ठ महाविद्यालय में चल रहे छठे दिन की भागवत कथा के दौरान कही। महाराज ने बताया कि श्री कृष्ण का गंधर्व विवाह माता रुक्मिणी के साथ हुआ। रुक्मिणी का विवाह चेदिराज शिशुपाल के साथ तय हुआ था। रुक्मिणी मन ही मन श्रीकृष्ण को पति के रूप में मान लिया था ।रुक्मिणी ने श्रीकृष्ण के पास अपने मन की बात का संदेश अपने सहेली से भिजवाया ।जिसे भुवन सुन्दर श्रीकृष्ण ने स्वीकार भी किया और कात्यायनी देवी मन्दिर में पूजन करने के बहाने बुलाया ।वही श्रीकृष्ण आकर रुक्मिणी के भाई रूक्मी के सैनिकों संग युद्ध किया। उन्हें युद्ध में पराजित कर द्वारिका जाकर माता रुक्मिणी से गंधर्व विवाह किया ।इस तरह दोनों के मिलन की अनूठी कथा है । विवाह के इस प्रसंग पर घण्टों नृत्य चलता रहा ।भजन गायक हेमन्त ब्रजवासी के सुमधुर कण्ठ से भजनों पर लोग नृत्य करते रहें ।महारास दृश्य और भजन - - रास रचो है, रास रचो है ,यमेना किनारे कान्हा रास रचो है, इस भजन ने मुंबईवासियों को वृन्दावन की याद दिलाते हुए नृत्य करने पर सभी को मजबूर कर दिया ।आज कथा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए ।कथा विश्राम के दिन ही विशाल भण्डारे की व्यवस्था की गई। जिसका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया।

# न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ का गबन, जीएम और अकाउंट्स हेड के खिलाफ एफआईआर, आरबीआई की ट्रांजेक्शन पर रोक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक मुंबई से बड़ी खबर सामने आई है। बैंक के जनरल मैनेजर और अकाउंट्स हेड पर 122 करोड़ रुपये के गबन का मामला दर्ज हुआ है। यह मामला शनिवार को दादर पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया। एफआईआर के बाद जांच अब आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दी गई है। बैंक के कार्यकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी देवर्षि शिशिर कुमार घोष (48) ने एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक, यह अपराध 12 फरवरी से पहले हुआ था। घटनास्थल प्रभादेवी में न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक, एसवी नागवेकर मार्ग बताया गया है ।इस मामले में हितेश मेहता (जनरल मैनेजर और अकाउंट्स हेड) को आरोपी बनाया गया है। एडह के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है।

**मध्य रेल**
नागपुर मंडल
**ई-टेंडर नोटिस**
ई-खुली निविदा संख्या : मरेप्र कार्य नागपुर-09-2025-01 दिनांक 13/02/2025
**कार्य का नाम** : एडीएन (एन) काटोल उपविभाग के अंतर्गत गोधनी, भरतवाडा, कलमेश्वर, कोहली, सोनखंब, काटोल, कलंभा में सेवा भवन की मरम्मत। 2. एडीएन (एन) काटोल उपविभाग के अंतर्गत नागपुर-नरखेर सेक्शन में FOB, COP, HS स्टील पानी की टंकी, टैंक स्टेजिंग जैसे स्टील ढांचे की पेंटींग। 3. एडीएन (मुख्यालय) नागपुर उपविभाग के अंतर्गत अजनी में विभिन्न सेवा भवनों की मरम्मत और रखरखाव का प्रस्ताव।, **अनुमानित लागत** : रु. 18228062.54/-, **बयाना राशि** : रु. 241200.00/- निविदा बंद होने कि तिथि एवं समय 07/03/2025 को 15:00 बजे। विस्तृत जानकारी www.ireps.gov.in पर देखे।
SUN 461 कृते मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)
टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

# वैलेंटाइन डे पर धमकाने वाला गिरफ्तार

गाजियाबाद, पुलिस ने वैलेंटाइन डे से पहले पार्कों में युवाओं को धमकाने वाले आरोपी विपिन नागर को गिरफ्तार कर लिया है।

**पश्चिम रेलवे**
**मरम्मत कार्य**
मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/24-25/284, दि. 13.02.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : चर्चगेट – स्टेशन भवन - विद्युत विभाग के अधिकारियों के कक्ष के बाहर और 4थी मंजिल के दक्षिणी और उत्तरी तरफ की लिफ्ट, लॉबी, सीढियों, अधिकारी कक्ष, भंडार विभाग, 5वीं मंजिल कांफ्रेंस हॉल, की मरम्मत और नवीनीकरण. कार्य की **अनुमानित लागत** : रु. 9810806.36. **ईएमडी** : रु. 196200/-. जमा करने की **तिथि एवं समय** : 11.03.2025, 15.00 बजे तक, खुलने की **तिथि एवं समय** : 11.03.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. **मैन्युअल प्रस्तावों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा.**
1084
Like us on: facebook.com/WesternRly

# एंटीलिया केस में बड़ा अपडेट, पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा की याचिका खारिज

● मुंबई की एक विशेष अदालत ने 2021 में मुकेश अंबाली के एंटीलिया के पास विस्फोटक की बरामदगी और उसके बाद व्यवसायी मनसुख हिरन की हत्या से संबंधित मामलों में पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को आरोप मुक्त करने से शनिवार को इनकार कर दिया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई: मुंबई की एक विशेष अदालत ने 2021 में एंटीलिया के पास विस्फोटक की बरामदगी और उसके बाद व्यवसायी मनसुख हिरन की हत्या से संबंधित मामलों में पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पुलिस अधिकारी प्रदीप शर्मा को आरोप मुक्त करने से शनिवार को इनकार कर दिया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) मामलों के विशेष न्यायाधीश ए एम पाटिल ने कहा कि अदालत इस समय शर्मा की इस दलील को स्वीकार नहीं कर सकती कि उन्हें झूठा फंसाया गया है ।न्यायाधीश ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला कथित तौर पर आरोपियों की ओर से रची गई एक बड़ी साजिश से संबंधित है और इस चरण में यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि गवाहों के साक्ष्य और दस्तावेजी साक्ष्य गढ़े गए थे। अदालत बाद में विस्तृत आदेश पारित करेगी। शर्मा ने अपनी याचिका में दावा किया था कि वह किसी भी तरह से गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत दर्ज अपराध से जुड़े नहीं हैं। शर्मा ने कहा कि उनके खिलाफ आरोप तय करने के लिए भी कोई मामला नहीं बनाया गया है और केवल संदेह ही पर्याप्त नहीं है। शर्मा को इस मामले में जून 2021 में गिरफ्तार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अगस्त 2023 में जमानत दे दी।

क्या है पूरा मामला ?दक्षिण मुंबई में 25 फरवरी, 2021 को उद्योगपति मुकेश अंबानी की बहुमंजिला इमारत एंटीलिया के पास विस्फोटकों से भरी एक एसयूवी खड़ी मिली थी। जांच के दौरान व्यवसायी मनसुख हिरन 5 मार्च, 2021 को पड़ोसी ठाणे में रहस्यमय परिस्थिति में मृत पाए गए। हिरन ने दावा किया था कि चोरी होने से पहले एसयूवी उनके पास थी। जांच एजेंसियों ने आरोप लगाया कि शर्मा ने बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे और कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची थी।

**पश्चिम रेलवे**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008
कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-24-76 | 28.02.2025 को 15.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ADVT-BCT-MMCT-OSN-372-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर मुंबई सेंट्रल लोकल स्टेशन (एमएमसीटी) पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28.02.2025 15:30 hrs. |
| 2 | ADVT-BCT-PL-OSN-374- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर लोअर परेल (पीएल) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28.02.2025 15:40 hrs. |
| 3 | ADVT-BCT-KHAR-OSN-376-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर खार (केएचएआर) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28.02.2025 15:50 hrs. |
| 4 | ADVT-BCT-ADH-OSN-379- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28.02.2025 16:00 hrs. |
| 5 | ADVT-BCT-DDR-OSN-375- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर दादर (डीडीआर) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28.02.2025 16:10 hrs. |
| 6 | ADVT-BCT-VLP-OSN-378- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर विलेपार्ले (वीएलपी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28.02.2025 16:20 hrs. |
| 7 | ADVT-BCT-MX-OSN-373- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर महालक्ष्मी (एमएक्स) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28.02.2025 16:30 hrs. |
| 8 | ADVT-BCT-GTR-OSN-371- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर ग्रांट रोड (जीटीआर) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28.02.2025 16:40 hrs. |
| 9 | ADVT-BCT-MEL-OSN-370- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर मरीन लाइंस (एमईएल) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28.02.2025 16:50 hrs. |
| 10 | ADVT-BCT-STC-OSN-377- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्ष की अवधि हेतु ट्रैक्स के बीच रेलिंग्स पर सांताक्रूज (एसटीसी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28.02.2025 17:00 hrs. |

टिप्पणी : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है.
1085
Like us on: facebook.com/WesternRly | Follow us on: twitter.com/WesternRly

**मध्य रेल**
मुंबई मंडल
**नए यार्ड आरओबी के निर्माण के संबंध में ओएचई संशोधन**
**खुली ई-निविदा सूचना स. BB.LD.585.W.867.CONTR2 दिनांक 13-02-2025**
**कार्य का नाम** : ठाणे के किमी 31/14-15 के बीच कोपरी में नए यार्ड आरओबी के निर्माण के संबंध में ओएचई संशोधन। **अनुमानित लागत** : रू. 92,16,516/-, **बिड सिक्योरिटी** : रू. 1,84,300/-, **ऑफर की वैधता** : 60 दिन, **समापन अवधि** : 10 महीने, **निविदा फार्म का मूल्य** – रु. 0/-, 1) उक्त निविदा का, निविदा बंद करेने की तारीख और समय : दिनांक 18.03.2025 को 11:00 बजे तक, और 11:00 बजे के बाद खोला जाएगा। 2) शुध्दिपत्रक के विवरण हेतु अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर भेट देने का अनुरोध है। 3) केवल वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्ट्रॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई-टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है। हस्तचलित रुप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। 4) निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। 5) अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएम टी मुंबई- 400001, फोन - 022-22612355. निवीदओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएमटी मुंबई-400001 के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।
**वरि. मंडल विद्युत इंजिनीयर (क./वि.)**
**छ.शि.म.ट.मुंबई**
SUN 778
टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

## जिला विकास समन्वय एवं नियंत्रण समिति की बैठक की तैयारियों की हुई समीक्षा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा के लिए सांसद और दिशा समिति के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में जिला स्तर पर जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (डीडीसीसीसी) की बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक की तैयारी के लिए आज जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रोहन घुगे की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय के समिति हॉल में जिले की सभी सरकारी एजेंसियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई |इस बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रोहन घुगे ने जिला विकास समन्वय और नियंत्रण समिति (डीडीसीसीसी) की बैठक के संदर्भ में विभिन्न सरकारी एजेंसियों की समीक्षा की गई।

# नई मुंबई मनपा को मिला सार्वजनिक उन्मुख डिजिटल सेवाओं के लिए 'स्मार्ट गवर्नेंस' पुरस्कार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




नवी मुंबई , श्री अधिकारी ब्रदर्स गवर्नेंस नाउ पब्लिकेशन द्वारा आयोजित वेस्ट टेक संगोष्ठी में स्मार्ट गवर्नेंस के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए नवी मुंबई मनपा को स्मार्ट गवर्नेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। अपर आयुक्त सुनील पवार ने पुरस्कार स्वीकार किया। मुंबई में एक विशेष समारोह में कंचन अधिकारी और फिल्म अभिनेता श्री महेश ठाकुर, प्रशासन विभाग के उपायुक्त शरद पवार उपस्थित थे। वेस्ट टेक संगोष्ठी, जो शहरी बुनियादी ढांचा प्रदान करते हुए सतत विकास प्राप्त करने की अवधारणा के साथ आयोजित की जाती है, इसमें ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियां, प्रौद्योगिकी में नवीन कंपनियां और नगर पालिकाओं से संबद्ध तकनीकी सेवा प्रदाता भाग लेंगे। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों के नगर निगमों और अन्य सरकारी निकायों ने भाग लिया। मनपा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में नवी मुंबई नगर निगम (एनएमसी) को नागरिक प्रशासन में डिजिटल मीडिया के प्रभावी उपयोग के लिए 'स्मार्ट' नाम दिया गया है और इसलिए सार्वजनिक सेवा वितरण में दक्षता बढ़ी है, काम में पारदर्शिता बढ़ी है और नागरिकों को सीधा लाभ मिला है। आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में, नई मुंबई मनपा ने अपने दैनिक कार्यों में ई-ऑफिस प्रणाली शुरू की है, जिससे काम में आसानी हुई है, पारदर्शिता और गति बढ़ी है। पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी यह एक बड़ा मुद्दा है क्योंकि बड़ी मात्रा में कागज का उपयोग कम हो गया है। ई-ऑफिस प्रणालियों ने सूचना की सुरक्षा बढ़ा दी है और सूचना की उपलब्धता तेज कर दी है। इससे नागरिकों को तेजी से बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकी हैं। इसी प्रकार, एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) प्रणाली को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया जा रहा है जो सभी गतिविधियों की इंटरकनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा और एक एकीकृत डैशबोर्ड के माध्यम से मनपा में सभी विभागों के काम की व्यापक निगरानी की सुविधा प्रदान करेगा। मनपा विभिन्न सार्वजनिक सेवाएं ऑनलाइन प्रदान कर रहा है, वर्तमान में जन्म, मृत्यु, विवाह पंजीकरण, जल आपूर्ति और संपत्ति कर से संबंधित 90 सेवाएं ऑनलाइन प्रदान की जा रही हैं और अन्य 15 सेवाएं विकास के अधीन हैं। जो नागरिक नगर निगम से संबंधित किसी भी कार्य के संबंध में शिकायत/जानकारी दर्ज कराना चाहते हैं, उनके लिए शिकायत निवारण प्रणाली लागू की गई है, वे नगर निगम की वेबसाइट या अपने मोबाइल फोन पर ऐप के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं आप मौजूदा स्थिति का पता लगा सकते हैं।

फास्ट ट्रैक

## खेत से घर आई युवती ने लगाई फांसी

### पानी लेने आए भाई ने लटका देखा शव, पिता बोले– शादी की बातचीत चल रही थी

शाहजहांपुर, शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर क्षेत्र में सुसाइड की घटना सामने आई है।कटैया गांव में 19 वर्षीय युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार खेत पर काम कर रहा था। राजू नाम के किसान की बेटी सुबह परिवार के साथ खेत पर गई थी। दोपहर में वह खाना खाने के बहाने घर लौटी और कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। कुछ देर बाद पानी लेने आए छोटे भाई ने बहन का शव फंदे पर लटका देखा। घबराकर उसने परिवार और गांव वालों को सूचना दी। पिता का कहना है कि बेटी की शादी कलान थाना क्षेत्र के एक गांव में तय होने वाली थी और बातचीत का दौर शुरू होने वाला था। उन्होंने बताया कि सुबह नाश्ता करने तक सब ठीक था और किसी से कोई विवाद भी नहीं हुआ था। परिवार समझ नहीं पा रहा है कि युवती ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी के अनुसार, परिवार की तरफ से कोई आरोप नहीं लगाया गया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# किसानों को मिला दलहनी फसलों का विशेष प्रशिक्षण

### कृषि विज्ञान केंद्र में 25 किसानों ने सीखी बीजोत्पादन की आधुनिक तकनीक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




बलिया, कृषि विज्ञान केंद्र सोहांव में जायद दलहनी फसलों की बीजोत्पादन तकनीक पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

11 से 15 फरवरी तक चले इस प्रशिक्षण में 25 किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों की टीम ने किसानों को विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. सोमेंद्र नाथ ने बीजोत्पादन की आधुनिक शस्य क्रियाओं के बारे में बताया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. संजीत कुमार ने भूमि की उर्वरता बढ़ाने में दलहनी फसलों के महत्व पर विस्तृत जानकारी साझा की। डॉ. मनोज कुमार ने बीज उत्पादन में आवश्यक सावधानियों पर प्रकाश डाला, जबकि डॉ. अनिल कुमार पाल ने दलहनी फसलों में एकीकृत पोषक प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. अभिषेक यादव ने उर्द और मूंग में होने वाले रोगों एवं कीटों के प्रबंधन के उपाय बताए। डॉ. अवधेश कुमार ने जायद सब्जियों की नर्सरी प्रबंधन पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. सतीश कुमार सिंह यादव और राकेश कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा। यह प्रशिक्षण किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराने में सफल रहा।

## फर्जी बैनामा कर जमीन हड़पने का मामला

### रायबरेली में तहसीलदार के बाबू पर रिश्वत का आरोप, डीएम ने दिए जांच के आदेश

रायबरेली, भूमाफियाओं द्वारा फर्जी दस्तावेजों के जरिए जमीन हड़पने का मामला सामने आया है। अकबरपुर कछवाह मोहिद्दीनपुर के निवासी विवेक कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर इस मामले की शिकायत की है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि भूमाफिया उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए फर्जी बैनामा तैयार किया गया है।

मामले में तहसीलदार के बाबू पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि बाबू ने रिश्वत लेकर फर्जी आख्या रिपोर्ट लगाई है,

जिससे भूमाफियाओं को अवैध कब्जे में मदद मिल रही है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने इस गंभीर मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि मामले की गहन जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अंबरनाथ में सड़क हादसे में एक्टिवा चालक वृद्ध की दर्दनाक मौत




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ.शनिवार 15 फरवरी सुबह 8:30 बजे के आसपास अंबरनाथ पश्चिम को पूर्व से जोड़ने वाले फ्लाईओवर पर मटका चौक से हुतात्मा चौक की तरफ जाने वाले एक डंफर के नीचे वृद्ध एक्टिवा चालक के आ जाने से जगह पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वृद्ध व्यक्ति के सर पर गंभीर चोट आई। सड़क पर खून ही खून फैल गया था। डंफर न. MH.46 AF.5169 और एक्टिवा न.है MH.46 BC.3480 है। घटनास्थल पर प्रत्यक्षदर्शी लोगों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को फोन किया। प्रत्यक्षदर्शी व्यक्ति के अनुसार पुलिस स्टेशन और आपातकालीन100 न. पर कॉल करने पर काफी देर बाद पुलिस से संपर्क हुआ। अंबरनाथ पश्चिम पुलिस ने मौके पर पहुंचने के बाद शव को एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाकर आगे की कार्यवाही में जुट गई।

## मेडिकल कॉलेज में खुली परी रसोई की दूसरी शाखा

### वित्त मंत्री ने किया उद्घाटन, 10 रुपए में मरीज–तीमारदारों को मिलेगा पौष्टिक भोजन

शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए एक बड़ी सुविधा शुरू हो गई है। उद्योगपति विनय अग्रवाल द्वारा शुरू की गई परी रसोई की दूसरी शाखा का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। इस अनूठी पहल के तहत मरीजों और उनके परिजनों को मात्र 10 रुपए में पौष्टिक और भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यह परी रसोई की दूसरी शाखा है, पहली शाखा चार वर्ष पूर्व हनुमत धाम के पास शुरू की गई थी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले मरीज और उनके परिजन पहले से ही मानसिक रूप से परेशान होते हैं। ऐसे में भोजन की चिंता से उन्हें राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि पहले आसपास कोई उचित भोजनालय नहीं था और लोगों को समोसा-चाय पर ही निर्भर रहना पड़ता था। परी नमकीन के मालिक विनय अग्रवाल ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों को कम कीमत में गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य सहित कई भाजपा नेता भी उपस्थित रहे।




# वित्त मंत्री ने बताई बजट की अहमियत

- बोले– यूपी में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा, विपक्ष की नजर को निगेटिव बताया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने शाहजहांपुर में राज्य की आर्थिक प्रगति का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि राज्य की जीएसडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पहले 12 लाख करोड़ थी और अब बढ़कर 25.48 लाख करोड़ रुपये हो गई है। आगामी वर्ष में इसमें लगभग 30 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि का अनुमान है। केंद्र सरकार से मिल रही वित्तीय सहायता का विवरण देते हुए मंत्री ने बताया कि कुंभ मेले के लिए घोषित 2,100 करोड़ में से 1,050 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं। केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए 74,211 करोड़ के बजट में से 22,159 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। इसके अतिरिक्त, सहायता अनुदान के रूप में 37,460 करोड़ रुपये, वित्त आयोग से 13,921 करोड़ रुपये तथा आपदा कोष में 1,378 करोड़ रुपये की विशेष सहायता प्राप्त हुई है। मंत्री ने प्रधानमंत्री के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि विपक्ष की मांग पर कर सीमा में वृद्धि से सरकार को 1.20 लाख करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा। फिर भी सरकार ने जनहित में यह निर्णय लिया। उन्होंने विपक्ष की आलोचनात्मक दृष्टि पर टिप्पणी करते हुए कहा कि विकास के स्पष्ट संकेतों के बावजूद विपक्ष नकारात्मक दृष्टिकोण अपनाए हुए है। राज्य में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। हर क्षेत्र में सरकार ने सकारात्मक परिणाम हासिल किए हैं।

## दहेज में बाइक नहीं मिली तो पति ने की क्रूरता

- गर्भवती पत्नी को पीटकर घर से निकाला, गर्दन पर रखा पैर; एफआईआर दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, दहेज की मांग को लेकर एक महिला के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। पुवायां क्षेत्र की रहने वाली महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का आरोप है कि दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई और गर्भावस्था के दौरान घर से निकाल दिया गया। चार साल पहले पीड़िता की शादी लखीमपुर के मोहम्मदी क्षेत्र निवासी पंकज सिंह राठौर से हुई थी। शादी में पीड़िता के पिता ने ढाई लाख रुपये नकद सहित लाखों का दहेज दिया था। इसके बावजूद तीसरी विदाई के बाद से ही ससुराल वाले बुलेट बाइक की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। पीड़िता के पिता ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई असर नहीं हुआ।

# बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले सरकारी कर्मी होंगे सस्पेंड

- डीएम बोले– विभागीय कार्रवाई भी होगी, सख्ती से हो पालन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने आदेश जारी किया है कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर दिया जाएगा। साथ ही उनके खिलाफ सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। यह कदम जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है। पिछले एक साल में सड़क हादसों में चार सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। जनवरी में प्रशासन ने 'नो हेलमेट नो पेट्रोल' अभियान शुरू किया था, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं दिखा। डीएम ने सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से इस आदेश का शत-प्रतिशत पालन कराएं। सभी सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को कार्यालय और शासकीय ड्यूटी के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनना होगा। यह आदेश सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और नियमों का पालन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# भेड़ चराने गए पिता-पुत्र नदी में डूबे, बेटे का शव बरामद

### पिता की तलाश जारी, बेटे को डूबता देख पिता ने लगाई थी छलांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पिता-पुत्र गर्रा नदी में डूब गए। थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के रौरा गांव निवासी 50 वर्षीय फकीरे लाल अपने 20 वर्षीय बेटे विवेक के साथ भेड़ चराने गए थे। घटना तब हुई जब एक भेड़ नदी में चली गई और उसे बचाने के लिए विवेक ने नदी में छलांग लगा दी। गहरे पानी में विवेक को डूबता देख फकीरे लाल ने बिना किसी देर के बेटे को बचाने के लिए नदी में कूद गए। आसपास मौजूद लोगों ने जैसे ही दोनों को डूबते देखा, तुरंत मदद के लिए आवाज लगाई। स्थानीय ग्रामीणों ने नाव की मदद से बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचित किया गया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों और रेस्क्यू टीम ने विवेक का शव बरामद कर लिया। फकीरे लाल की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि बचाव दल पूरी तत्परता से फकीरे लाल की तलाश में जुटा हुआ है।

## शादी में मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

### झारखंड के 3 आरोपी गिरफ्तार, 8 लाख के 40 मोबाइल बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस ने शादी समारोहों में मोबाइल चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है। रोजा थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने हथौड़ा ओवरब्रिज के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। झारखंड के रहने वाले आरोपियों की पहचान संतोष नोनिया और विरंगी महतो के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 8 लाख रुपये कीमत के 40 चोरी के मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी मजदूरी का बहाना बनाकर अलग-अलग जिलों में किराए के मकान में रहते थे। इनका मुख्य काम शादी समारोहों में बच्चों के माध्यम से मोबाइल चोरी करवाना और सुनसान इलाकों में महिलाओं व युवतियों से मोबाइल छीनना था। गिरोह का एक खास तरीका था कि जब चोरी के मोबाइल की संख्या 100 के करीब पहुंच जाती, तब गैंग का एक सदस्य सभी मोबाइल लेकर झारखंड चला जाता और वहां के साइबर ठगों को बेच देता था। इन मोबाइल का उपयोग विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी के लिए किया जाता था।



## पुलिस मुठभेड़ में चार आरोपी गिरफ्तार



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में मुठभेड़ के दौरान चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी के जेवरात को एक सुनार को बेचने आए थे, जब पुलिस ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद हुई मुठभेड़ में सभी को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में लक्ष्मण, दलंगजन और मिल्किया के रहने वाले कैशाल के साथ चोरी के जेवर खरीदने वाला सुनार रवि कुमार वर्मा भी शामिल है। पुलिस ने इनके पास से चोरी के आभूषण, 21 हजार रुपये की नकदी और अवैध हथियार बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने पिछले दो महीनों में की गई सात बड़ी वारदातों का खुलासा किया। इनमें बिहार के गोपालगंज में सुनार की दुकान में चोरी, ई-रिक्शा में महिला का पर्स चोरी, हरदोई बाईपास के ताहवरगंज में बंद मकान से चोरी, मिजार्पुर के रघुनाथपुर में मकान का ताला तोड़कर चोरी शामिल हैं। इसके अलावा निगोही में एक व्यक्ति की जेब से 19,000 रुपये, सुरहा गांव में एक मकान से जेवर और मिजार्पुर के ढाईघाट रोड पर 66,000 रुपये की जेब कतरी की वारदात को भी अंजाम दिया था।

भारत संवाद परिवार

1–संरक्षक–भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2–संरक्षक–भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3–संरक्षक–भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4–कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5–उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6–प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रांसजेंडर्स को लेकर अमेरिकी सेना का बड़ा फैसला

## ट्रंप के फरमान पर लगाई मुहर

एजेंसी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा बल में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के कुछ दिनों बाद, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार (स्थानीय समय) को आधिकारिक तौर पर पुष्टि की कि वह अब ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सेना में शामिल होने की अनुमति नहीं देगी। अमेरिकी सेना ने यह भी कहा कि वह सेवा सदस्यों के लिए लिंग-पुष्टि देखभाल प्रदान करना बंद कर देगी। एक पोस्ट में कहा गया कि अमेरिकी सेना अब ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सेना में शामिल होने की अनुमति नहीं देगी और सेवा सदस्यों के लिए लिंग परिवर्तन से जुड़ी प्रक्रियाओं को निष्पादित करना या सुविधा देना बंद कर देगी।

यह घोषणा ट्रंप द्वारा 27 जनवरी को आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद आई, जिसमें कहा गया था कि लिंग पहचान व्यक्त करना जो किसी व्यक्ति के यौन संघर्षों के साथ असंगत है₹ सैन्य सेवा के लिए आवश्यक कठोर मानकों को पूरा नहीं कर सकता है। सीबीएस न्यूज के अनुसार, आदेश में पेंटागन को 30 दिनों के भीतर ट्रांसजेंडर सेवा सदस्यों के लिए एक नीति निर्धारित करने का निर्देश दिया गया। अमेरिकी सेना ने कहा कि तत्काल प्रभाव से, लिंग डिस्फोरिया के इतिहास वाले व्यक्तियों के लिए सभी नए प्रवेश रोक दिए जाते हैं,

और सेवा सदस्यों के लिए लिंग परिवर्तन की पुष्टि या सुविधा से जुड़ी सभी अनिर्धारित, अनुसूचित या नियोजित चिकित्सा प्रक्रियाओं को रोक दिया जाता है। जेंडर डिस्फोरिया एक परेशानी की भावना है जो किसी व्यक्ति के जैविक लिंग और उनकी लिंग पहचान के बीच बेमेल होने के कारण उत्पन्न होती है। अमेरिकी सेना ने यह भी कहा कि लैंगिक डिस्फोरिया से पीड़ित व्यक्तियों ने स्वेच्छा से हमारे देश की सेवा की है और उनके साथ गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाएगा। यह घोषणा तब हुई जब ट्रम्प ने अपने पुनः चुनाव अभियान में एक प्रमुख वादा जागृत संस्कृति पर कार्रवाई शुरू करने का वादा किया। वोक नस्लीय और सामाजिक न्याय पर ध्यान केंद्रित करने वालों के लिए एक शब्द है, लेकिन इसका उपयोग रूढ़िवादियों द्वारा प्रगतिशील नीतियों का अपमान करने के लिए किया जाता है।



> एक पोस्ट में कहा गया कि अमेरिकी सेना अब ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सेना में शामिल होने की अनुमति नहीं देगी और सेवा सदस्यों के लिए लिंग परिवर्तन से जुड़ी प्रक्रियाओं को निष्पादित करना या सुविधा देना बंद कर देगी।

# इजराइल ने 369 फिलिस्तीनी कैदियों को टी-शर्ट पहनाकर रिहा किया

## इस पर लिखा- न भूलेंगे, न माफ करेंगे; हमास ने 3 इजराइली बंधकों को छोड़ा

एजेंसी

तेल अवीव, हमास की कैद से इजराइली बंधकों की रिहाई के बाद इजराइल ने भी शनिवार को 369 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ दिया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इन कैदियों को एक खास तरह की टी-शर्ट पहनाकर रिहा कर दिया है। इस पर 'हम न भूलेंगे और न माफ करेंगे' लिखा हुआ है। दरअसल, हमास हर बार इजराइली बंधकों की रिहाई से पहले एक इवेंट करता है। इसमें बंधकों को लाया जाता है और उनसे हमास की तारीफ करवाई जाती है। इस इवेंट में हजारों फिलिस्तीनी जुटते हैं। इजराइल इसी बात से नाराज है। आज भी हमास ने 3 इजराइली बंधकों को रिहा किया और इवेंट का आयोजन किया। सीजफायर डील के तहत इन तीनों बंधकों को गाजा के खान यूनिस इलाके में सुबह 10 बजे (इजराइली समय के मुताबिक) रेड क्रॉस के हवाले किया गया। इसके बाद इन्हें इजराइली सेना के हवाले कर दिया गया। रिहा होने वाले तीनों पुरुष बंधकों के नाम सागुई डेकेल-चेन, साशा ट्रोफानोव और इएयर हॉर्न हैं। 498 दिन बाद इजराइल लौटे तीनों बंधक पिछले महीने लागू हुए सीजफायर डील के तहत बंधकों और फिलिस्तीनी कैदियों की यह छठी अदला-बदली थी। इस बार रिहा हुए तीनों इजराइली बंधक पिछले सप्ताह रिहा हुए बंधकों की तुलना में ज्यादा स्वस्थ नजर आ रहे थे। दरअसल, पिछली बार रिहा हुए तीनों बंधक बेहद दुबले हो गए थे। इजराइल ने उनकी हालत को लेकर हमास की आलोचना भी की थी। हमास अब तक इजराइल के 19 और थाईलैंड के 5 बंधकों को रिहा कर चुका है। आईडीएफ ने कहा कि रिहा किए गए तीनों बंधक 498 दिन के बाद इजराइल लौटे हैं। इन तीनों को मेडिकल चेकअप के लिए आईडीएफ कैंप ले जाया जाएगा। इसके बाद इन्हें उनके परिवारों से मिलाया जाएगा। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हजारों लड़ाकों ने इजराइल पर हमला कर 1200 लोगों की हत्या कर दी थी।

इसके साथ 250 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया था। इजराइल और फिलिस्तीन के बीच कैदियों की अदला-बदली की यह डील 19 जनवरी से शुरू हुई है। यह डील तीन फेज में पूरी होगी। इसमें 42 दिन तक बंधकों की अदला-बदली की जाएगी।




# अमेरिका से भारत को मिला एफ-35 फाइटर जेट का ऑफर

## गिड़गिड़ाने लगा पाकिस्तान



> पाकिस्तान ने अमेरिका-भारत संयुक्त बयान में अपनी धरती से आतंकवाद के कथित प्रसार का संदर्भ दिए जाने पर आपत्ति जताई और इसे एकतरफा, भ्रामक और कूटनीतिक मानदंडों के विपरीत करार दिया। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अमेरिका द्वारा भारत को हथियारों की बिक्री पर चिंता भी व्यक्त की और कहा कि इससे क्षेत्र में सैन्य असंतुलन बढ़ेगा।

एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी से हुई वातचीत में उन्हें काफी सराहा और कई मुद्दों पर भारत के रुख को गंभीरता से समझने की कोशिश की। मोदी संग साइड प्रेस कॉन्फ्रेंस में अल-कायदा, आईएसआईएस, जैम, लश्कर जैसे आतंकी संगठनों से भारत के साथ मिलकर लड़ने की तात कही गई। ट्रंप ने भारत-चीन विवाद में मदद की पेशकश की, लेकिन भारत ने तीसरे पक्ष की भूमिका को पहले की तरह खारिज किया। बयान में अपना नाम देख पाकिस्तान नाराज हुआ। अमेरिका ने भारत को अपना पांचवीं पीढ़ी का फाइटर जेट एफ-35 देने की पेशकश की। ट्रंप ने ऐलान किया कि भारत व्यापार घाटे को कम करने के लिए अमेरिका से एफ-35 समेत पहले से ज्यादा तेल, गैस और सैनिक साजो सामान लेगा। भारत उन देशों के विशिष्ट समूह का हिस्सा होगा जो जेट खरीदने के लिए प्राधिकारी हैं। इन देशों में नाटो सदस्य, जापान और इजराइल शामिल हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने मीडिया को अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कदम क्षेत्र में सैन्य असंतुलन को बढ़ाते हैं और रणनीतिक स्थिरता को कमजोर करते हैं। वे दक्षिण एशिया में टिकाऊ शांति के उद्देश्य को हासिल करने में मददगार नहीं हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों से दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा के मुद्दों पर समग्र और वस्तुनिष्ठ दृष्टिकोण अपनाने और जमीनी वास्तविकताओं से अलग एकतरफा रुख अपनाने से बचने का आह्वान किया। ट्रंप-मोदी मुलाकात से पाकिस्तान इस हद तक बौखला गया कि देश ने विदेश मंत्री इशाक डार की अगले हफ्ते न्यूयॉर्क यात्रा की घोषणा कर दी. जबकि डार पहले से ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक उच्च स्तरीय बैठक में भाग लेने वाले थे, विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान भारत-अमेरिका संयुक्त बयान के संबंध में भी अपनी चिंताओं को उठाएगा। पाकिस्तान ने अमेरिका-भारत संयुक्त बयान में अपनी धरती से आतंकवाद के कथित प्रसार का संदर्भ दिए जाने पर आपत्ति जताई और इसे एकतरफा, भ्रामक और कूटनीतिक मानदंडों के विपरीत करार दिया। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अमेरिका द्वारा भारत को हथियारों की बिक्री पर चिंता भी व्यक्त की और कहा कि इससे क्षेत्र में सैन्य असंतुलन बढ़ेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान से आह्वान किया कि वह 26/11 के मुंबई हमलों के साजिशकताओं को न्याय के कठघरे में लाने के लिए अपने प्रयास में तेजी लाए। ट्रंप ने इस नृशंस हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यर्पित करने को मंजूरी देने की घोषणा की है।

# जयशंकर ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर यूक्रेनी समकक्ष से मुलाकात की

एजेंसी

म्यूनिख । विदेश मंत्री एस जयशंकर ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर अपने यूक्रेनी समकक्ष आंद्री सिबिहा से मुलाकात की और यूक्रेन में जारी संघर्ष के समाधान पर चर्चा की। जयशंकर ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, आज एमएससी 2025 के मौके पर यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा से मिलकर अच्छा लगा। यूक्रेन संघर्ष के समाधान की दिशा में जारी प्रयासों पर चर्चा हुई। हमारे द्विपक्षीय सहयोग को और आगे बढ़ाने के बारे में भी बात हुई। जयशंकर म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन 2025 में भाग लेने के लिए यहां आए हैं और उन्होंने दुनिया भर से आए अनेक नेताओं से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने लिव टू वोट अनदर डेः फोर्टिफाइंग डेमोक्रेटिक रेजीलियंस पर एक पैनल चर्चा में भाग लिया जिसमें नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर, मिशिगन की सीनेटर एलिसा स्लोटकिन और वारसॉ के मेयर रफाल ट्रजास्कोवस्की भी थे। जयशंकर ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, भारत को एक ऐसे लोकतंत्र के रूप में रेखांकित किया जो धरातल में दिखाई देता है। राजनीतिक निराशावाद से असहमति जताई। विदेशी हस्तक्षेप पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने सम्मेलन में एक अन्य कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और वैश्विक जुड़ाव, क्षेत्रीय रणनीति और प्रमुख द्विपक्षीय साझेदारियों पर भारत के विचार साझा किए। विदेश मंत्री ने यहां बायर्न के प्रधानमंत्री मार्कस सोडर से भी मुलाकात की और दोनों देशों के बीच अर्थव्यवस्था तथा प्रौद्योगिकी में सहयोग पर चर्चा की। जयशंकर ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, अंतरराष्ट्रीय हालात पर विचार साझा किए। भारत में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हूं। जयशंकर ने जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस से भी शुक्रवार को मुलाकात की और बैठक के दौरान द्विपक्षीय सहयोग एवं यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा की।



> एस जयशंकर ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर अपने यूक्रेनी समकक्ष आंद्री सिबिहा से मुलाकात की और यूक्रेन में जारी संघर्ष के समाधान पर चर्चा की। जयशंकर ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, आज एमएससी 2025 के मौके पर यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा से मिलकर अच्छा लगा।

# कांग्रेस संगठन में बड़ा फेरबदल, भूपेश बघेल को मिली बड़ी जिम्मेदारी, कई राज्यों के प्रभारी भी बदले गए



एजेंसी

2024 के लोकसभा चुनावों के बाद कांग्रेस को दिल्ली में लगातार तीसरी बार हार का सामना करना पड़ा है। यही कारण है कि पार्टी ने अपने संगठन को लेकर बड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने एक बड़ा संगठनात्मक बदलाव लागू किया, जिस पर वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की छाप दिखाई दी। इसने दो राज्यों के लिए महासचिव और नौ के लिए प्रभारी नियुक्त किए। वहीं इन पदों पर रहे छह नेताओं को हटा दिया। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पंजाब के प्रभारी एआईसीसी महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लिए महासचिव नामित किया गया है। रजनी पाटिल को हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ का प्रभारी बनाया गया है, जबकि वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश चौधरी अब मध्य प्रदेश की जिम्मेदारी संभालेंगे। कर्नाटक कांग्रेस के दिग्गज नेता बीके हरिप्रसाद को हरियाणा की जिम्मेदारी सौंपी गई है और राहुल गांधी के करीबी सहयोगी कृष्णा अल्लावरू प्रमुख चुनावी राज्य बिहार की कमान संभालेंगे। अन्य प्रमुख नियुक्तियों में अजय कुमार लल्लू को ओडिशा का प्रभारी, के राजू को झारखंड का, मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना का और गिरीश चोदनकर को तमिलनाडु और पुडुचेरी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। सप्तगिरि शंकर उलाका को मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम और नागालैंड में पार्टी मामलों का प्रभार दिया गया है.फेरबदल में दीपक बाबरिया, मोहन प्रकाश, भरत सिंह सोलंकी, राजीव शुक्ला, अजॉय कुमार और देवेंद्र यादव सहित कई वरिष्ठ नेता बाहर हो गए, जिनके योगदान को पार्टी ने स्वीकार किया। कांग्रेस के आधिकारिक बयान ने पुष्टि की कि सभी नई नियुक्तियाँ तुरंत प्रभावी होंगी। ये बदलाव ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आए हैं जब पार्टी कई राज्यों में आगामी चुनावों की तैयारी कर रही है। हालांकि, इस इस फेरबदल में गांधी परिवार की झलक साफ तौर पर देखने को मिलती है। ये सभी नेता गांधी परिवार के बेहद करीबी बताए जाते हैं।

> रजनी पाटिल को हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ का प्रभारी बनाया गया है, जबकि वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश चौधरी अब मध्य प्रदेश की जिम्मेदारी संभालेंगे। कर्नाटक कांग्रेस के दिग्गज नेता बीके हरिप्रसाद को हरियाणा की जिम्मेदारी सौंपी गई है और राहुल गांधी के करीबी सहयोगी कृष्णा अल्लावरू प्रमुख चुनावी राज्य बिहार की कमान संभालेंगे।

# वक्फ विधेयक लोगों का ध्यान भटकाने और फिजूल बहस को बढ़ावा देने के लिए है : अखिलेश यादव

> अखिलेश यादव ने कहा कि संसद में पेश किया गया वक्फ (संशोधन) विधेयक लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटाकर उन्हें अनावश्यक बहस में उलझाने और अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में विफलता को छिपाने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की चाल है। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष ने कहा कि बजट से निराशा ही हाथ लगी है।



एजेंसी

वाराणसी (उत्तर प्रदेश) । समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि संसद में पेश किया गया वक्फ (संशोधन) विधेयक लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से हटाकर उन्हें अनावश्यक बहस में उलझाने और अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में विफलता को छिपाने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की चाल है। कन्नौज से सांसद यादव ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट संसद के दोनों सदनों में पेश किए जाने के एक दिन बाद फीके बजट के लिए सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने वाराणसी में केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर पांचवें से तीसरे स्थान पर लाने का दावा करती है लेकिन बजट से निराशा ही हाथ लगी है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने सरकार पर विनिर्माण क्षेत्र को समर्थन देने में विफल रहने का आरोप लगाया और कहा कि इसकी वजह से मेक इन इंडिया जैसे नारे अप्रभावी हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया, सरकार ने अब वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने और लोगों को फिजूल की बहसों में उलझाए रखने के लिए नया विधेयक (वक्फ विधेयक का जिक्र करते हुए) पेश किया है। यह मुख्य मुद्दों से ध्यान हटाने की भाजपा की पुरानी रणनीति है। यादव ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और वाराणसी को क्योटो में बदलने के सरकार के दावों की भी आलोचना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के बारे में पूछे जाने पर यादव ने कहा, यह अच्छी बात है कि वह विदेश गए हैं, लेकिन उन्हें अमेरिका के लिए भारतीय बाजार खोलने के बजाय हमारे लोगों को लाभ पहुंचाने वाले व्यापार सौदे वापस लाने चाहिए। उन्होंने संसद में की गई अपनी एक टिप्पणी को याद करते हुए कहा, पिछली बार मोदी जी हीरे लेकर अमेरिका गए थे, इस बार कम से कम सोने की चेन तो ले ही जा सकते थे। उन्होंने नौकरियों के लिए संघर्ष कर रहे तथा अवैध रूप से प्रवास कर रहे भारतीयों के बारे में भी चिंता जताई। उन्होंने दावा किया, विकसित भारत का सपना यह होना चाहिए कि हमारे नागरिकों को नौकरियों की कमी के कारण देश छोड़कर न जाना पड़े।

# असम के लिए जारी यात्रा परामर्श विदेशी निवेश में बड़ी बाधा बन रहा है: हिमंत

> परामर्शों को खत्म कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि असम में कोई प्रतिकूल स्थिति नहीं है और सरकार, मीडिया और जनता समेत सभी हितधारकों को इस बात को समझाने के लिए एक साथ आना होगा।



एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत शर्मा ने शनिवार को कहा कि कई देशों द्वारा पूर्वोत्तर भारत के लिए जारी यात्रा परामर्श निवेश आकर्षित करने में एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि राज्य इस महीने के अंत में एक व्यापार शिखर सम्मेलन के लिए तैयार है। शर्मा ने कहा कि उन्होंने देशों से अनुरोध किया है कि वे असम को अलग से देखें और सभी पूर्वोत्तर राज्यों को एक साथ न देखा जाए। उन्होंने कहा कि जापान, ऑस्ट्रेलिया और अन्य देशों के साथ बातचीत पहले से जारी है ताकि उन्हें प्रतिकूल परामर्श वापस लेने के लिए राजी किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार असम को क्षेत्र के अन्य राज्यों से अलग रखने पर जोर दे रही है। एडवांटेज असम 2.0 इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर समिट से पहले संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा, अधिकतर दूतावासों ने असम को संदिग्ध सूची में डाला है और अपने नागरिकों को असम की यात्रा न करने की वैधानिक चेतावनी दी है, क्योंकि राज्य को पूर्वोत्तर क्षेत्र के रूप में वगीर्कृत किया गया है। इन परामर्शों को खत्म कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि असम में कोई प्रतिकूल स्थिति नहीं है ।

# रक्षा साझेदारी पर भारत-अमेरिका की '10-वर्षीय योजना' को आर्मी चीफ ने सराहा

## कहा- इससे उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा

> भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका एक नए 10-वर्षीय रक्षा ढांचे पर हस्ताक्षर करने के लिए बातचीत शुरू करने के लिए तैयार हैं, जो 2025 और 2035 के बीच की अवधि के लिए होगा। नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, यह दोनों देशों के बीच रक्षा उपकरणों और सेवाओं के आसान हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करेगा, अंततः खरीद प्रक्रियाओं में दक्षता को बढ़ावा देगा।

एजेंसी

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान हस्ताक्षरित भारत-अमेरिका रक्षा सौदों से भारत के रक्षा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। सेना प्रमुख ने 10-वर्षीय योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें बहुत अच्छी खबर मिली है कि 10-वर्षीय योजना तैयार की जाएगी। संयुक्त उत्पादन से हमारे देश में रक्षा उत्पादन को बहुत फायदा होगा। नोएडा में वार्षिक पुनर्ग्रहण समारोह में भाग ले रहे जनरल द्विवेदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय सेना को सिर्फ सुरक्षा प्रदान करने के अलावा राष्ट्र निर्माण में भी बड़ी भूमिका निभानी है।



भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका एक नए 10-वर्षीय रक्षा ढांचे पर हस्ताक्षर करने के लिए बातचीत शुरू करने के लिए तैयार हैं, जो 2025 और 2035 के बीच की अवधि के लिए होगा। नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद, यह दोनों देशों के बीच रक्षा उपकरणों और सेवाओं के आसान हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करेगा, अंततः खरीद प्रक्रियाओं में दक्षता को बढ़ावा देगा। इससे पहले अपनी द्विपक्षीय चर्चा के दौरान, पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक मजबूत और गतिशील रक्षा साझेदारी के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, दोनों नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय शस्त्र हस्तांतरण नियमों (आईटीएआर) सहित अपने संबंधित हथियार हस्तांतरण नियमों की समीक्षा करने पर सहमति व्यक्त की। समीक्षा से प्रौद्योगिकी साझाकरण के साथ-साथ रक्षा व्यापार को सुव्यवस्थित करने की संभावना है। इसका भारत में अमेरिका द्वारा प्रदत्त रक्षा प्रणालियों के रखरखाव और मरम्मत पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। विशेष रूप से, 'रणनीतिक व्यापार प्राधिकरण-1 (एसटीए-1)' के साथ-साथ क्वाड भागीदार के रूप में भारत की स्थिति ने पहले ही अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।






# विभिन्न पर्व

| पौष पूर्णिमा | मकर संक्रांत | मौनी आमावश्या | बसंत पंचमी | माघी पूर्णिमा | महा शिवरात्री |
|---|---|---|---|---|---|
| 13/01/2025 | 14/01/2025 | 29/01/2025 | 03/02/2025 | 12/02/2025 | 26/02/2025 |

## संक्षेप

### मामा के फातिहा से लौट रहे युवकों पर हमला

**लाठी-डंडों से पीटा, गोलियां चलाईं; जान बचाकर दूसरे के घर में छिपे**

सुलतानपुर, मामा के फातिहा से लौट रहे तीन युवकों पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। शनिवार को यह घटना कोतवाली देहात क्षेत्र के ओदरा गांव में हुई है। पीड़ित मोहम्मद रशीद ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनके भाई मोहम्मद सुल्तान और मोहम्मद वाशिद (स्वर्गीय आबाद अहमद के पुत्र) मामा के फातिहा से घर लौट रहे थे। आंगनबाड़ी केंद्र के पास शाहिद (तैयब का पुत्र) के मकान के बगल में पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों में मोहम्मद शाहिद, मेराज (अब्दुल वहीद का पुत्र), तैयब (अब्दुल वहीद का पुत्र), नसीरुद्दीन (जैनुल आबदीन का पुत्र), कामरान (कमरुद्दीन का पुत्र), जाहिद और नाहिद (तैयब के पुत्र) शामिल थे। इन लोगों ने लाठी-डंडों से पीटने के साथ-साथ गोलियां भी चलाईं। शोर मचाने पर आए ग्रामीण किसी तरह पीड़ितों ने अपनी जान बचाई और पास के एक घर में शरण ली। उनके शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्र हो गए, जिससे हमलावर मौके से फरार हो गए। हमले में मोहम्मद रशीद और सुल्तान के पैर में तथा मोहम्मद वासिद के हाथ, कमर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। भागते समय हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी है।

### शादी समारोह में बार डांसरों का डांस

**सड़क के किनारे डीजे लगाकर कार्यक्रम, लोगों ने जमकर नोट उड़ाए**

अमरोहा, जिले में एक शादी समारोह ने विवादास्पद मोड़ ले लिया, जब नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के जाजरु गांव में आयोजित विवाह समारोह में सार्वजनिक स्थल पर बार डांसरों का अश्लील नृत्य कराया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने डांसरों पर खुलेआम नोटों की बारिश की। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला प्रकाश में आया। वीडियो में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि कैसे सड़क किनारे डीजे पर बार डांसर नृत्य कर रही हैं और लोग उन पर पैसे उड़ा रहे हैं। यह घटना गांव में तेजी से चर्चा का विषय बन गई है।

### कार से टकराकर नीलगाय की मौत

**हाईवे पर अचानक सड़क पर आई, कार सवार दो लोग घायल**

अमरोहा, अमरोहा के रजबपुर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही तेज रफ्तार कार रजबपुर बाईपास के पास नीलगाय से टकरा गई। हादसे में नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार दो लोग मामूली रूप से घायल हुए।

कार रजबपुर बाईपास से पहले दिल्ली-मुरादाबाद मार्ग पर तेज गति से जा रही थी। अचानक जंगल से एक नीलगाय सड़क पर आ गई और कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई

# महाकुम्भ में नागा संतों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए भरी हुंकार

**अखाड़ों के नागा साधुओं ने पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ नदी शुद्धिकरण का संकल्प लिया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




महाकुम्भनगर : संगम की रेत पर नागा साधुओं ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण के लिए हुंकार भरी। इस ऐतिहासिक आयोजन में विभिन्न अखाड़ों के नागा साधुओं ने पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ नदी शुद्धिकरण का संकल्प लिया। नागा संन्यासियों को संबोधित करते हुए वाटर विमन शिप्रा पाठक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर यदि आज हम नहीं जागे तो आने वाली पीढ़ियां महाकुम्भ के मोक्ष और पुण्य को तरस जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान नागा साधुओं ने संकल्प लिया कि हर व्यक्ति हर वर्ष एक पौधा लगाएगा और उसका संरक्षण करेगा। इस पहल के जरिए देशभर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। अमृतेश्वर महादेव पीठाधीश्वर श्री सहदेवानंद गिरी जी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है, जब अध्यात्म और पर्यावरण एक साथ खड़े हैं। वहीं, दिगंबर शक्ति गिरी ने कहा कि इस पहल को पूरे भारत में फैलाया जाएगा। जिससे देश को हरा-भरा बनाया जा सके। महाकुम्भ में हुए इस अनोखे संगम ने यह सिद्ध कर दिया कि जब धर्म और पर्यावरण एक साथ आते हैं, तो एक नया जागरण जन्म लेता है। संतों ने कहा कि नागा साधु केवल तपस्वी नहीं, बल्कि राष्ट्र रक्षकों का इतिहास भी रखते हैं। जब-जब राष्ट्र पर आक्रमण हुआ, नागाओं ने तलवार उठाई है। अब समय आ गया है कि वे त्रिशूल, डमरू और तलवार के साथ यह संदेश दें कि नदियों के दोहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण है महाकुम्भ : पीयूष गोयल

**परमार्थ निकेतन आश्रम के प्रमुख स्वामी चिदानंद सरस्वती का दर्शन कर लिया आशीर्वाद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



महाकुम्भ नगर । केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शनिवार को त्रिवेणी संगम में स्नान करने पहुंचे। उन्होंने महाकुम्भ को एक भारत श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण बताते हुए कहा कि विश्व भर के लोगों की आस्था देख कर आनंद की अनुभूति हो रही है। हमारा सनातन धर्म सुरक्षित है और यह देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने प्रयागराज में परमार्थ निकेतन आश्रम (ऋषिकेश) के प्रमुख, स्वामी चिदानंद सरस्वती जी के दर्शन कर, उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह सचमुच एक भावनात्मक क्षण है। महाकुम्भ में आने का सौभाग्य मिलना एक आशीर्वाद जैसा है। उन्होंने कहा कि यह भारत की सामूहिक भावना का अद्भुत उदाहरण है। अब तक 50 करोड़ से अधिक लोग देश और विदेश से महाकुम्भ में आ चुके हैं, जिससे भारत की बढ़ती शक्ति का संदेश पूरी दुनिया में गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं जब बेल्जियम में था, तब मुझे जानकारी मिली कि कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन महाकुम्भ आना चाहते हैं। मैंने तुरंत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की और उनकी यात्रा की व्यवस्था करवाई। इस अनूठे अनुभव के बाद वे बेहद उत्साहित थे। महाकुम्भ का यह आयोजन एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश पूरे विश्व और देश तक पहुंचाएगा। इससे पहले प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का स्वागत प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने किया।

# बस-ट्रेलर से टकराई, लगी आग

- ग्वालियर से गोरखपुर जा रही थी डबल डेकर बस, 12 यात्री घायल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। ग्वालियर से गोरखपुर जा रही डबल डेकर वोल्वो बस किलोमीटर संख्या 59.4 टोल गेट के पास सामने चल रहे ट्रेलर से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि बस का अगला



हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर में बस चालक समेत 12 यात्री घायल हो गए। पीआरबी की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और सभी घायलों को बाजार शुकुल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घायलों में से दो की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है। हादसे के कुछ देर बाद ही बस में अचानक आग लग गई। सौभाग्य से इससे पहले ही पुलिस ने सभी यात्रियों और उनके सामान को बस से बाहर निकाल लिया था। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हादसे के कारण पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के गाजीपुर लेन में वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस घटना की विस्तृत जांच में जुटी है।

# गैर इरादतन हत्या का मामला

**मारपीट में व्यक्ति की मौत, आरोपी को 7 साल की सजा और 14 हजार का जुर्माना**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, पुलिस के 'ऑपरेशन कन्विक्शन' को एक और सफलता मिली है। बिसंडा थाना क्षेत्र के अमलोहरा गांव में 2018 में हुई एक व्यक्ति की गैर इरादतन हत्या के मामले में आरोपी को कड़ी सजा सुनाई गई है। घटना 4 अगस्त 2018 की है, जब अमलोहरा गांव के जागेश्वर ने गांव के ही रामदयाल के साथ मारपीट की। मारपीट में गंभीर रूप से घायल रामदयाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी शिवकुमारी की शिकायत पर 8 अगस्त 2018 को बिसंडा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने धारा 304, 323, 504 और 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। उप-निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने विवेचना करते हुए 18 सितंबर 2018 को न्यायालय में आरोप




पत्र दाखिल किया। लोक अभियोजक विजय बहादुर सिंह और उमाशंकर पाल ने अदालत में मजबूत पैरवी की। कोर्ट मोहर्रिर भानु प्रताप और पैरोकार आरक्षी राजन अग्निहोत्री के प्रयासों से मामले को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चल रहे अभियान के तहत न्यायालय ने आरोपी को 7 साल के कारावास की सजा सुनाई और 14 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। यह मामला प्रदेश में चल रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' की सफलता का एक और उदाहरण है।

# पकड़ी गई स्कूली बच्चों के राशन की कालाबाजारी

- स्कूल की बजाय बाजार में पहुंचा पिकअप वाहन, 25 बोरी अनाज था लदा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, सरकारी स्कूली बच्चों के राशन की कालाबाजारी का एक गंभीर मामला सामने आया है। ब्लॉक भदैया के प्राइमरी स्कूल जादूपुर से जुड़े इस मामले में बच्चों का राशन बाजार में बेचने ले जाते हुए वाहन पकड़ा गया। स्कूल के हेड मास्टर अमर यादव ने बच्चों का राशन जद्दूपुर के कोटेदार कमलेश तिवारी के माध्यम से भिजवाने का निर्देश दिया। कोटेदार ने एक पिकअप वाहन पर खाद्यान्न लदवाया, लेकिन स्कूल पहुंचाने की बजाय उसे रामगंज की तरफ ले जाया जा रहा था। पुलिस ने वाहन को पकड़ा, जिसमें 10 बोरी चावल और 14 बोरी गेहूं - कुल 24 बोरी खाद्यान्न बरामद किया गया। जांच में पाया गया कि कोटेदार घटनास्थल पर मौजूद था और मामले में बचाव का प्रयास कर रहा था। इतना ही नहीं, राशन वितरण रजिस्टर में फर्जी हस्ताक्षर का भी मामला सामने आया



है। खंड शिक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की है। प्रारंभिक जांच में कोटेदार की भूमिका संदिग्ध पाई गई है और कार्रवाई की स्थिति में उसे गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

# सीडीओ सर...लेखपाल ने मुझसे मांगी 10 हजार की घूस

**समाधान दिवस पर महिला ने की शिकायत, अफसर ने दिए जांच के आदेश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, अमेठी तहसील में आयोजित समाधान दिवस के दौरान एक महिला की आंखों से आंसू छलक उठे।

मंगापुर भीमी गांव की निवासी राजकुमारी तिवारी ने लेखपाल संजीव दुबे पर 10 हजार रुपए की रिश्वत लेने के बाद भी काम न करने का गंभीर आरोप लगाया। महिला ने सीडीओ सूरज पटेल के समक्ष बताया कि लेखपाल पिछले कई महीनों से जमीन की पैमाइश नहीं कर रहा है और सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण को रोकने में विफल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लेखपाल ने कार्रवाई के नाम



पर उनसे 10 हजार रुपये की रिश्वत ली, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीडीओ ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम आशीष सिंह को 3 घंटे के भीतर जांच पूरी करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शाम तक पूरे मामले की जांच होनी चाहिए और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाए। उल्लेखनीय है कि यह पहला मौका नहीं है जब महिला ने लेखपाल के खिलाफ आवाज उठाई है। कुछ दिन पहले भी वह तहसील पहुंची थी, जहां उन्होंने आरोपी लेखपाल का तहसील परिसर में पीछा किया था, जिसका वीडियो भी सामने आया था।

# हाइवे पर श्रद्धालुओं का हंगामा

**जयश्रीराम के नारे लगाए, गिराई पुलिस की बैरिकेडिंग, अभद्र व्यवहार भी किया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में श्रद्धालुओं द्वारा कानून व्यवस्था को चुनौती देने का मामला सामने आया है। कूरेभार थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के पास श्रद्धालुओं ने पुलिस द्वारा लगाई गई बैरिकेडिंग को हटा दिया और जयश्रीराम के नारे लगाते हुए जबरन आगे बढ़ने का प्रयास किया। महाकुंभ के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए एसओ कूरेभार शारदेंदु दुबे अपनी टीम के साथ 24 घंटे ड्यूटी पर तैनात हैं। लेकिन श्रद्धालुओं की भीड़ ने न केवल बैरिकेडिंग हटाया, बल्कि पुलिसकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। सोशल मीडिया पर



वायरल हो रहे वीडियो में महिला और पुरुष श्रद्धालु जयश्रीराम के नारे लगाते हुए और पुलिस की चेतावनियों की अवहेलना करते हुए दिख रहे हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा रोकने के बावजूद श्रद्धालुओं की गाड़ियां जबरदस्ती अयोध्या की ओर बढ़ रही हैं, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। यह पहला मामला नहीं है - पहले भी इसी तरह के मामले सामने आ चुके हैं, जहां श्रद्धालुओं ने पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है, लेकिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आक्रामक रवैये के कारण चुनौतियां बढ़ गई हैं। चार दिन पूर्व भी ऐसा ही मामला प्रकाश में आया था। जहां इसी क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने जाम की स्थिति स्वयं उत्पन्न की। एसओ शारदेंदु दुबे ने सख़्ती की तो श्रद्धालु उलझ गए। अंत में पुलिस सख्त हुई तो उसी पर दोष मढ दिया गया।

# भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**किसान सम्मान निधि बढ़ाने समेत कई मांगें रखीं, संभल रेल लाइन बिछाई जाए**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

हसनपुर, भारतीय किसान यूनियन (बीआरएसएस) ने ब्लॉक परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय के सामने महत्वपूर्ण पंचायत का आयोजन किया। किसान नेताओं ने एसडीएम विभा श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और बिजली समस्याओं को लेकर एसडीओ का घेराव किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र सैनी ने किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। उन्होंने ब्याज मुक्त ऋण, गजरौला से संभल तक रेल लाइन का निर्माण और किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 2000 रुपए प्रति माह करने की मांग की। साथ ही गौपालक किसानों को प्रति पशु 100 रुपए प्रतिदिन देने का प्रस्ताव रखा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने क्षेत्र के विकास से जुड़ी मांगें रखीं।

# अमेठी में कॉलेज से चोरी

**दो बसों और ई-रिक्शा की बैटरी निकाली, लाखों का सामान चोरी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, चोरों का आतंक जारी है। ताजा मामला कोतवाली क्षेत्र के टिकरी गांव स्थित लाल विजयानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय का है, जहां देर रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने महाविद्यालय में खड़ी दो बसों से बैटरी और टूल किट, एक ई-रिक्शा की बैटरी, सोलर पैनल की बैटरी और एक साइकिल चुरा ली। महाविद्यालय के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। सुबह जब चपरासी महाविद्यालय पहुंचा, तब चोरी का पता चला। उसने तुरंत विद्यालय प्रबंधक को सूचित किया।

# युवकों के दो गुटों में मारपीट

**रेलवे स्टेशन के पास बेल्ट से किया हमला, दौड़ा-दौड़ाकर मारा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, अमरोहा के गजरौला में शनिवार सुबह चौपला चौकी क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास युवकों के दो गुटों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के युवकों ने एक-दूसरे पर बेल्ट से हमला किया और दौड़ा-दौड़ाकर मारपीट की। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है, जिसने स्थानीय प्रशासन को सतर्क कर दिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर हिंसा में शामिल युवकों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।